Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasincia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel:** +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप

ससुर की हत्या करने वाली बहू और प्रेमी को उम्रकैद

फरीदाबाद। संपत्ति अपने नाम कराने के लिए ससुर की गोली मारकर हत्या कराने वाली बहू और



उसके प्रेमी को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। बल्लभगढ़ की फ्रेंड्स कॉलोनी में 20 जनवरी 2022 की रात भरत सिंह भाटी की हत्या की गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केपी सिंह की अदालत ने बहू गीता और उसके प्रेमी दलीप उर्फ सैंडी उर्फ कालिया को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई।

हमला करने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। विगत 13 अक्टूबर की रात डबुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति पर डंडो व रॉड से हमला करके चोटिल करने के



मामले में कार्रवाई करते हुये क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने 3 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अभिषेक, विवेक निवासी डबुआ कालोनी व सौहेल निवासी गांव पल्ला के रुप में हुई है। 13 अक्टूबर की रात को वह परचून की दुकान पर दूध लेने जा रहा था तभी 10-15 व्यक्तियों ने उस पर डंडो व रोड से हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गया।

देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विजयदशमी एवं दशहरा के पावन अवसर पर डासना स्थित रामलीला समिति द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी, गाजियाबाद के अध्यक्ष सतीश शर्मा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं कस्बे के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। रावण दहन के पश्चात उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप शर्मा, सभासद प्रदीप चौहान, गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव मनमोहन चतुर्वेदी, रामलीला



समिति के सचिव श्याम पोरवाल, सिंह राज जाटव, जगदीश सैनी, पन्नालाल शर्मा, राजेंद्र एडवोकेट, नरेंद्र गोयल, सुनील गोयल, विनोद शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा, संजीव मित्तल, जय भगवान शर्मा, संजीव पचोरी, सत्य प्रजापति, प्रमोद सैनी सहित कस्बे के अनेक प्रमुख एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं है। बल्कि यह सत्य की असत्य पर, धर्म की अधर्म पर और अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश देता है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग, न्याय, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

सच्चे अर्थों में दशहरा मनाने का उद्देश्य तभी पूरा होगा, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला जैसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी भारतीय परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं।

मंत्री राजेश नागर पहले ही संचालन समिति को सौंप चुके हैं 17 लाख रुपए का चैक

राजा जैत सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए मंत्री राजेश नागर के भाई ने किया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नीमका स्टेडियम में राजा जैत सिंह की और विशाल मूर्ति लगाने के लिए भूमि पूजन का कार्य आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर के भाई भाजपा नेता अमन नागर मुख्य अतिथि रहे।

आज मूर्ति लगाने के लिए प्लेटफार्म बनाने से पूर्व भूमि पूजन कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर के भाई भाजपा नेता अमन नागर ने कहा कि राजा जैत सिंह का इतिहास हमारी आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति और सेवा का मार्ग दिखाए, इसके लिए उनकी यादों को संजोकर रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है। इसके लिए ही राजा जैत सिंह स्टेडियम में महान राजा जैत सिंह की विशाल प्रतिमा लगाने का निर्णय पिछले दिनों समाज के प्रमुख लोगों ने लिया था। जिसके लिए जनवरी में ही मंत्री राजेश नागर ने 17 लाख रुपए का चैक संचालन समिति को सौंप दिया था। अब जबकि मूर्ति का निर्माण कार्य पूरा हो गया है तो भूमि पूजन कर प्लेट फॉर्म बनाने, आसपास के सौंदर्यीकरण करने आदि का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने नायकों को याद रखना है और आने वाली पीढ़ियों को उनकी कहानियां, चरित्र विरासत में देकर जाना है। इसके अंतर्गत जल्द ही भव्य समारोह में राजा जैत सिंह की पहले से विशाल और सुंदर प्रतिमा लगाई जाएगी। समाज ने इस कार्य के संचालन के लिए बाकायदा एक समिति बनाई है जिसके नेतृत्व में यह समस्त कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर चौधरी धर्मपाल नागर, चौधरी जय करण नागर, मास्टर भरत सिंह आदि।

पुलिस आयुक्त गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

फरीदाबाद पुलिस के पांच वीर जवानों ने कर्तव्य निभाते हुए दिया था सर्वोच्च बलिदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

देश की सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के वीर जवानों की स्मृति में बुधवार 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन सेक्टर-30, फरीदाबाद स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर फरीदाबाद पुलिस की ओर से शहीद जवानों को सलामी देकर नमन किया गया तथा शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र और पुष्पमालाएं अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेंद्र कुमार गुप्ता, संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेंद्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक सहित सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने देश की रक्षा और जनता की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। अधिकारियों ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा दिया गया बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनकी वीरता आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं देशसेवा की प्रेरणा देती रहेगी। पुलिस ने



बताया कि पुलिस स्मृति दिवस का इतिहास वर्ष 1959 की उस घटना से जुड़ा है, जब लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में देश की सीमाओं की सुरक्षा कर रहे भारतीय पुलिसकर्मियों पर चीनी सैनिकों ने हमला कर दिया था। 21 अक्टूबर 1959 को हुए इस हमले में 10 बहादुर पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे, जबकि सात अन्य घायल हो गए थे और उन्हें बंदी बना लिया गया था। बाद में 13 नवंबर 1959 को शहीद जवानों के पार्थिव शरीर लौटाए गए तथा हॉट स्प्रिंग्स में पूरे पुलिस सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इन वीर पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1960 में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था। पुलिस ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस के जवानों ने भी कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देकर पुलिस विभाग और देश का गौरव बढ़ाया है। इनमें सिपाही लश्कर, जिन्होंने 25 दिसंबर 1999 कोय सिपाही महावीर, जिन्होंने 11 जून 2012 को, सिपाही संदीप, जिन्होंने 30 सितंबर 2021ए पी उप निरीक्षक रवि, जिन्होंने 21 फरवरी 2026 तथा ई-एएसआई राजेंद्र, जिन्होंने 16 अप्रैल 2026 को कर्तव्यपालन करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इन वीर जवानों का बलिदान फरीदाबाद पुलिस के इतिहास का गौरवशाली अध्याय है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने शहीद सहायक उप निरीक्षक योगराज के पुत्र राजेश मेहता तथा शहीद सिपाही सतबीर सिंह की पत्नी सुनीता को सम्मानित किया।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया देश का मान

कोच अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में देवेंद्र कुमार ने जीता एशियन पैरा गेम्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

जापान के आइची-नागोया में आयोजित 5वें एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय पैरा एथलीट देवेंद्र कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चक्का फेंक स्पर्धा में देवेंद्र ने 49.71 मीटर का थ्रो कर 781 अंक अर्जित किए। उनकी इस उपलब्धि में कोच अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की अहम भूमिका रही। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर की रेसकोर्स कॉलोनी निवासी कोच अभिषेक चौधरी ने देवेंद्र कुमार की तैयारी में निरंतर मेहनत और सहयोग दिया।

उनके मार्गदर्शन में देवेंद्र ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश को गौरवान्वित किया। देवेंद्र की यह सफलता भारतीय पैरा एथलेटिक्स के लिए महत्वपूर्ण



उपलब्धि है। साथ ही, इससे बुलंदशहर के खेल जगत में भी खुशी का माहौल है। उनकी उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और बेहतर प्रशिक्षण के दम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है। कोच अभिषेक चौधरी और स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र कुमार की इस कामयाबी से युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। दोनों की उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है।

बढ़ी ब्याज दरों पर 90 दिन का संक्रमणकाल देने की मांग

रेपो रेट बढ़ने से छोटे उद्योगों पर बढ़ेगा बोझ पीएफटीआई ने मांगी दो प्रतिशत ब्याज सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी पर प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री पीएफटीआई ने चिंता जताई है। संगठन ने सरकार और आरबीआई से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों एमएसएमई को राहत देने के लिए दो प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी सहित कई उपाय लागू करने की मांग की है। पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी ने कहा कि ब्याज दरें बढ़ने से छोटी औद्योगिक इकाइयों के लिए कारोबार चलाना, नई मशीनरी खरीदना और उत्पादन क्षमता बढ़ाना महंगा हो सकता है। इससे उद्योगों के मुनाफे और रोजगार सृजन की योजनाओं पर भी असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि कच्चे माल और अन्य परिचालन खर्चों के बीच कैश क्रेडिट व वर्किंग कैपिटल पर ब्याज बढ़ने से छोटी इकाइयों की नकदी पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। इससे कारोबार के विस्तार की योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। पीएफटीआई ने



एमएसएमई को दो प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी देने, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सिडबी के माध्यम से बिना गारंटी वाले वर्किंग कैपिटल की सीमा बढ़ाने और एमसीएलआर आधारित कर्ज पर बढ़ी ब्याज दरों के प्रभाव से राहत देने के लिए 90 दिन का संक्रमणकाल उपलब्ध कराने की मांग की है।

मैनी ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण जरूरी है, लेकिन छोटी औद्योगिक इकाइयों की वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए राहत के उपाय भी किए जाने चाहिए।

बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है दशहरा : सतीश शर्मा

विचाराधीन कैदियों के अधिकारों पर प्रकाश डाला

मेवाड़ में 'समकालीन समाज में मानवाधिकार' पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टिट्यूट में 'समकालीन समाज में मानवाधिकार' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में एडवोकेट बरखा छाबड़ा ने बाल अधिकारों के संरक्षण एवं नीतिगत बदलावों पर विचार रखे, जबकि मुख्य वक्ता एडवोकेट अशोक बाबू ने कैदियों और विचाराधीन कैदियों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। बी.ए.एल.एल.बी. के 15 विद्यार्थियों ने शिक्षा, महिला अधिकार, पर्यावरण, निजता, स्वास्थ्य, श्रम एवं अपराध पीड़ितों के अधिकारों सहित विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियाँ दीं।

प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इंस्टिट्यूट की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियाँ विद्यार्थियों में शोध एवं आलोचनात्मक चिंतन की प्रवृत्ति विकसित करती हैं। डॉ. वियंता पाल ने आभार व्यक्त किया। सेमिनार एच. एस. एस. विभाग ने संयोजित किया।

12 साल में भाजपा ने गुरुग्राम को बर्बाद किया, गिनाने को 12 काम भी नहीं: राज बब्बर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

राज बब्बर ने कमान सराय कांग्रेस भवन में स्थित पत्रकार वार्ता की, गुरुग्राम की अनदेखी पर लगाए आरोपी

पूर्व सांसद राज बब्बर ने भाजपा सरकार पर गुरुग्राम की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि 12 साल के शासन में भाजपा के पास गिनाने के लिए 12 काम भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शहर को विज्ञापनों में स्मार्ट सिटी बनाया गया, लेकिन धरातल पर सड़कें सफाई, स्वास्थ्य और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। उन्होंने अस्पताल निर्माण को लेकर विधायक और मंत्री के कथित विरोधाभासी बयानों पर भी सवाल उठाए। राज बब्बर बुधवार को कमान सराय स्थित कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष वर्धन यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राज बब्बर ने कहा कि गुरुग्राम हरियाणा को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले शहरों में शामिल है, लेकिन 12 साल में भाजपा सरकार एक नया सरकारी अस्पताल और बस अड्डा तक नहीं बना पाई। शहर में कूड़े के ढेर, टूटी सडक़ें, सीवर ओवरफ्लो, जलभराव और ट्रैफिक जाम की समस्याएं बनी हुई हैं। सिविल अस्पताल की हालत खस्ता है और सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। उन्होंने कहा कि विधायक हर हाल में अस्पताल बनवाने का दावा कर रहे हैं, जबकि मंत्री कह रहे हैं कि अस्पताल नहीं बनने देंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि एक मंत्री सरकार से ऊपर कैसे हो सकता है। राज बब्बर ने आरोप लगाया कि मंत्री के बयान पर मुख्यमंत्री की ओर से एक शब्द भी नहीं कहा गया और सरकार बैकफुट पर नजर आ रही है। उन्होंने सरकार पर शराब के ठेकों को बढ़ावा देने और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा महिला सुरक्षा की अनदेखी करने



का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनहित के मुद्दे उठाता है तो एफआईआर दर्ज कर आवाज दबाने का प्रयास किया जाता है। राज बब्बर ने दावा किया कि मेट्रो, यूनिवर्सिटी, अस्पताल और बड़े उद्योग कांग्रेस शासनकाल में आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य गुरुग्राम को विश्वस्तरीय शहर बनाना है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर्ल चौधरी, युवा प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया, इंटक प्रदेशाध्यक्ष अमित यादव, महिला राष्ट्रीय सचिव सुनीता सहरावत, एडवोकेट सूबे सिंह यादव, सीमा हुड्डा, हरकेश प्रधान, विकास हुड्डा, राजीव यादव, पंकज मेंहदीरता, ब्लॉक अध्यक्ष अमित कोचर, जसविंदर बिस्ला, मुकेश डागर, दीपक दहिया, सतीश सांगवान, कार्तिक गहलोत, धर्मेंद्र मिश्रा, हरीश कुमार, शैलजा भाटिया, सुनीता तोमर, एससी सेल जिलाध्यक्ष राजकुमार, सुशील सहरावत, मास्टर महेंद्र सैन, अंकित यादव, लोकेश कौशिक, मनोज आहुजा, रमाकांत शर्मा, जगदीश यादव, ओमप्रकाश खरेरा आदि।

नई दिल्ली
गुरुवार 22 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 185
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35.0°C
न्यून. 22.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का शेड्यूल घोषित, 21 जनवरी से आगाज

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

राहुल गांधी विदेश में भारत में 'रेजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन की रणनीति बनाने गए, भारत में अराजकता फैलाकर उन्हें राजनीतिक रूप से लॉन्च करने की कोशिश हो रहीः पात्रा

'रेजीम चेंज' के नाम पर भारत में चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश हो रही है : भाजपा

साजिशों का विरोध करने और देश की संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा करने की अपील की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि आशुतोष रांका और सौरभ दास की न्यायिक हिरासत तिरंगा फहराने के कारण नहीं, बल्कि पीस बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन के कारण हुई। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने बुधवार को भुवनेश्वर, ओडिशा में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कहा कि उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन 1 नवंबर को रामलीला मैदान में प्रस्तावित प्रदर्शन के जरिए अराजकता फैलाकर सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने 1984 के सिख नरसंहार का उल्लेख करते हुए जनता से लोकतांत्रिक तरीके से ऐसी कथित साजिशों का विरोध करने और देश की एकता व संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा करने की अपील की। डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि आज हम कुछ खुलासे करेंगे और कुछ लोगों के मंसूबे, उनके काले इरादे किस प्रकार उजागर हुए हैं, उन्हें भी सामने रखेंगे। कुछ घंटे पहले हमने देखा कि सीजेपी की न्यायिक हिरासत में मौजूद कार्यकर्ताओं द्वारा स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती दिए जाने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। पूरे देश में एक माहौल बनाया गया। पिछले कुछ दिनों से यह माहौल बनाया जा रहा था कि कुछ लोग हिंदुस्तान का झंड(ा, भारत का तिरंगा, फहराना चाहते हैं, लेकिन भारत सरकार कितनी तानाशाही है कि वह इन लोगों को भारत का झंडा फहराने से रोक रही है। चंद लोगों ने पूरे देश में इस प्रकार का माहौल बनाने की कोशिश की। इन लोगों ने भारत की जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हुए कहा कि उन्हें हिरासत में इसलिए लिया गया और कस्टडी में इसलिए रखा गया, क्योंकि वे केवल भारत का तिरंगा फहराना चाहते थे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि आज जब आशुतोष रांका और सौरभ दास की न्यायिक हिरासत के मामले में सुनवाई हुई, तो दिल्ली हाई कोर्ट ने जो प्रश्न पूछे, उन्हें पूरे देश को जानना चाहिए। उनकी न्यायिक हिरासत तिरंगे को लेकर नहीं हुई है, बल्कि उस पीस बॉन्ड की शर्तों का पालन नहीं करने के कारण हुई है, जिस पर उन्होंने हस्ताक्षर किए थे। जब पहली बार आशुतोष रांका और सौरभ दास हिरासत में लिया गया था, तब उन्होंने एक पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें उन्होंने आश्वासन दिया था कि बाहर आने के बाद वे ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे, जिससे देश में अशांति फैले और शांति भंग हो। लेकिन बाहर निकलने के कुछ ही घंटों के भीतर उन्होंने अपने पीस बॉन्ड की शर्तों का उल्लंघन कर दिया। आज इसी बात का खुलासा हुआ है। उन्होंने जो विक्टिम कार्ड खेलते हुए पूरे मामले को पेश किया था, वह आज दिल्ली हाई कोर्ट के प्रश्नों के सामने तार-तार हो गया है।

भारत की तीव्र प्रगति से बौखलाई विदेशी ताकतें, घर में छिपे हुए गद्दारों से पूरी तरह सावधान रहने की जरूरतः त्रिवेदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की तीव्र प्रगति से बौखलाई विदेशी और स्वदेशी राष्ट्र-विरोधी शक्तियां एक गहरी दुर्भिसंधि के तहत देश को अस्थिर करने का षड्यंत्र रच रही हैं। प्रधानमंत्री के विजय दशमी संदेश का स्मरण कराते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि इन शक्तियों का मुख्य उद्देश्य सत्ता में लूट मचाना, समाज में फूट डालना और सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति का विनाश कर 'रिजीम चेंज' (तख्तापलट) करना है। रावण के दस सिरों की भांति नित नए भ्रामक मुद्दे जैसे ईवीएम, एलआईसी, सेबी आदि उठाकर देश के विकास मार्ग को अवरुद्ध करने वाली इन छद्म वेशधारी आसुरी शक्तियों की वास्तविकता को पहचानना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए देश के हर नागरिक को जागरूक होकर अपने ही घर में छिपे हुए इन गद्दारों से पूरी तरह सावधान रहना चाहिए।

त्रिवेदी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत जिस गति, शक्ति और दिशा से प्रगति की राह पर बढ़ते हुए संपूर्ण विश्व में अपना प्रभावी स्थान बना रहा है, वह अनेक शक्तियों को रास नहीं आ रहा है। वे शक्तियां देश के बाहर भी हैं और देश के अंदर भी। दोनों ही शक्तियों में एक दुर्भिसंधि बहुत स्पष्ट दिखाई पड़ रही है। इस समय संपूर्ण विश्व और यूरोप में भी जो कुछ दिखाई पड़ रहा है, वह इस विषय के बारे में और अधिक स्पष्ट चित्र देश के हर नागरिक के मन में स्थापित कर रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने विजय दशमी के दिन एक बहुत स्पष्ट संदेश पूरे देश को दिया है कि इस समय जो शक्तियां भारत को अस्थिर करने में लगी हैं, उनके तीन मुख्य आधार हैं- पहला सत्ता में आने पर लूट, दूसरा समाज में फूट और तीसरा भारतीय संस्कृति तथा धर्म से घृणा।

- भाजपा प्रवक्ता ने कहा शक्तियों का लक्ष्य समाज में फूट डालना, सत्ता में लूट मचाना है
- वे भारत की संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति नफरत फैलाने की कोशिश करते हैं यही उनका प्रयास है

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि उन शक्तियों का लक्ष्य समाज में फूट डालना, सत्ता में लूट मचाना है। उनके दिल में भारतीय संस्कृति एवं हिंदू धर्म के प्रति नफरत है। ये वही लोग हैं जो सनातन धर्म के उन्मूलन (इरडिकेशन ऑफ सनातन धर्म) की कॉन्फ्रेंस करते हैं और वैश्विक स्तर पर 'डिस्मेंटलिंग ग्लोबल हिंदुत्व' के अभियान को लेकर चलते हैं। वे भारत की हर संस्था के बारे में भ्रामक प्रचार करते हैं। उन्होंने त्योहारों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ये भारत के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। गत वर्ष नवरात्रि से लेकर दीपावली और छठ पूजा तक लाखों करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था और इस बार उससे भी अधिक होने की संभावना है।

खबर संक्षेप



एसबीआई के ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने 3,897 ग्राहकों की निजी जानकारियां डार्क वेब पर लीक होने की पुष्टि की है। ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता, बैंक शाखा का विवरण आदि शामिल हैं। बैंक को 16 अक्टूबर को थ्रेट इंटेलिजेंस एजेंसी, डिफेंस साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) से अलर्ट मिला था। इसके बाद बैंक ने आंतरिक जांच शुरू की। डार्क वेब पर मिले करीब 3.75 लाख संदिग्ध रिकॉर्ड की जांच में 3,897 प्रविष्टियों में एसबीआई ग्राहकों की वास्तविक जानकारियां पाई गईं। बता दें डार्क वेब इंटरनेट का वह छिपा हुआ हिस्सा है जिसे साधारण सर्च इंजन (जैसे गूगल) से नहीं खोजा जा सकता। इसे एक्सेस करने के लिए खास ब्राउजर की जरूरत होती है। अपराधी अक्सर चोरी किया गया डेटा खरीदने और बेचने के लिए इस्तेमाल करते हैं।



खबर संक्षेप

हत्या के मामले में छह लोगों को पकड़ा

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में स्थित एक उद्यान में धूम्रपान को लेकर हुए विवाद के बाद 20 वर्षीय एक युवक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या करने के मामले में दो किशोरों समेत छह लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात की है जब पीड़ित सुभान अपने एक दोस्त के साथ सेंट्रल पार्क में धूम्रपान कर रहा था। उसी दौरान पांच से छह लोगों के समूह ने उनके धूम्रपान करने पर आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। पुलिस के अनुसार इसी विवाद के दौरान सुभान पर चाकू से हमला किया गया। इसने बताया कि घायल अवस्था में पीड़ित को जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे जीटीबी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

दो बार होगा विधायकों का स्वास्थ्य परीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के विधायकों का स्वास्थ्य परीक्षण अब वर्ष में दो बार, यानी प्रत्येक छह महीने में कराया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में संत परमानंद अस्पताल के महाप्रबंधक तथा दिल्ली विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने निर्देश दिए कि दिल्ली विधानसभा के सभी विधायकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण वर्ष में दो बार कराया जाए। इस संबंध में 12 से 19 नवंबर, 2026 तक संत परमानंद अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए जांच दो बैचों में की जाएगी।

महापौर ने मुखमेलपुर में किया सड़क का उद्घाटन

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने बुधवार को मुखमेलपुर गांव में नई सड़क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों का संदेश देते हुए महापौर वाही ने कहा कि इंदौर, सिक्किम एवं गुजरात की तरह हमें भी दिल्ली को साफ स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को अपनी आदत का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि है और इसके लिए हमें जनता का सहयोग चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें कचरे का स्रोत पर ही निस्तारित करना होगा। जिसमें गीला कूड़ा हरे कूड़ेदान में एवं सूखा कूड़ा नीले कूड़ेदान में डालना चाहिए। इस प्रकार छोटी छोटी स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाकर हम दिल्ली को साफ स्वच्छ एवं हरित बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। महापौर ने कहा कि जनता की सुविधा के लिए निगम ने उद्घाटनों की झड़ी लगा दी है।

प्रदूषण की रोकथाम के लिए निगम 12 जोनों में चलाएगा अभियान

नई दिल्ली। दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली नगर निगम ने कमर कसते हुए धूल नियंत्रण, सड़कों की गहन सफाई और प्रवर्तन संबंधी उपायों को तेज कर दिया है। निगम ने कहा है कि पहले से ही चल रहा अभियान सभी 12 जोनों में अब और अधिक तेजी से चलाया जाएगा। इस बारे में निगमायुक्त संजीव खिरवार ने कहा कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास, कड़ा प्रवर्तन और प्रत्येक स्तर पर प्रभावी निगरानी आवश्यक है। निगम सड़कों की गहन सफाई, धूल नियंत्रण उपकरणों की तैनाती तथा वायु प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है। निगमायुक्त ने कहा कि सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि वह निर्धारित धूल नियंत्रण उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और प्रवर्तन टीमों द्वारा नियमित क्षेत्रीय निरीक्षण कराएं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य समन्वित एवं समयबद्ध कार्रवाई के माध्यम से दिल्ली की वायु गुणवत्ता में ठोस और स्थायी सुधार लाना है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में की उच्चस्तरीय बैठक

'त्यौहारों को लेकर सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए

देश की राजधानी दिल्ली में सफाई व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संबंधित विभागों और एजेंसियों को सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने, कूड़े के ढेर हटाने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि दीपावली व अन्य पर्व के दौरान दिल्लीवासियों को स्वच्छ और सुंदर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार ने सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने दिल्ली नगर निगम को रिहायशी कॉलोनियों, बड़े बाजारों और प्रमुख मार्केट में रात्रिकालीन सफाई शुरू करने के भी निर्देश दिए ताकि त्योहारों के दौरान राजधानी के हर इलाके में स्वच्छता दिखाई दे। इस विषय को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, निगम के अन्य प्रतिनिधि, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, नगर निगम आयुक्त संजीव खिरवार और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयं जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने और कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल बैठकें करने और रिपोर्ट तैयार करने से व्यवस्था नहीं सुधरेगी।

अधिकारियों को फील्ड में उतरकर काम करना होगा और यह भी सुनिश्चित करना होगा कि दिए गए निर्देशों का पालन हो रहा है। जहां कमियां मिलें, वहां संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर तुरंत समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने सफाई व्यवस्था में तकनीक के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया, ताकि निगरानी मजबूत हो और काम के परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सफाई के बाद कूड़े का समय पर उठाना भी जरूरी है। इसमें देरी होने पर दोबारा कूड़े के ढेर लग जाते हैं। इसलिए सफाई और कूड़ा उठाने के कार्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

कूड़ा नहीं उठाए जाने की मिल रही शिकायतें

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के कुछ इलाकों में कूड़े के ढेर लगे होने और समय पर कूड़ा नहीं उठाए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। सफाई के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उनके अपेक्षित परिणाम जमीन पर दिखाई नहीं दे रहे। कुछ जोन में कूड़ा उठाने में लापरवाही की शिकायतें भी सामने आई हैं। बड़े बाजारों और मार्केट में भी सफाई व्यवस्था बेहतर करने की मांग की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए और सफाई व्यवस्था में सुधार का असर स्पष्ट रूप से नजर आना चाहिए।

सफाई अभियान को दी जाए गति

मुख्यमंत्री ने महापौर प्रवेश वाही और निगम आयुक्त संजीव खिरवार को निर्देश दिए कि त्योहारों को देखते हुए पूरी दिल्ली में सफाई अभियान को गति दी जाए। जिन इलाकों में अतिरिक्त कर्मियों की जरूरत है, वहां तत्काल मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। आवश्यकता पड़ने पर रात्रिकालीन सफाई अभियान के लिए नए कर्मियों को भी काम पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि रिहायशी कॉलोनियों और बड़े बाजारों में रात के समय सफाई होने से दिन में लोगों की आवाजाही के दौरान स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलेगी। त्योहारों से पहले सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार सुनिश्चित किया जाए।

दिल्ली में ग्रैप चरण एक लागू, लगाई कई पाबंदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में वायु प्रदूषण का लेवल (एक्यूआई) 300 पार होते ही राजधानी दिल्ली में सरकार ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का चरण एक लागू कर दिया है। जिसके चलते कई सख्त पाबंदियां लागू हो गई है। जिसके तहत दिल्ली ट्रैफिक पुलिस बिना वैध पॉल्यूशन सर्टिफिकेट वाले वाहनों का सीधे 10 हजार रुपये का चालान काटेगी।

होटल और रेस्तरां के तहत रोड साइड चलने ले भोजनालयों, होटलों और रेस्टोरेंट में कोयले या लकड़ी के तंदूर और ईंधन के इस्तेमाल पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। खुले में कूड़ा कचरा जिसमें पत्तियां और बायोमास जलाने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। वहीं डीजल जनरेटर सेट पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। यानी आपातकालीन और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर डीजल जनरेटर के उपयोग पर सीमित प्रतिबंध रहेगा। इनके अलावा 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों के चलने पर पूरी तरह रोक ररहेगी। धूल नियंत्रण उपायों के तहत 500 वर्ग मीटर या उससे अधिक के निर्माण स्थलों को सरकार के वेब पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। निर्माण और तोड़फोड़ वाली जगहों पर एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल और पानी का लगातार छिड़काव करना जरूरी है। निर्माण सामग्री को ढक कर रखना अनिवार्य होगा। धूल को उड़ने से रोकने के लिए सड़कों पर मैकेनाइज्ड स्वीपिंग यानी मशीनों से सफाई और पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा। इनके अलावा भी कई तरह की पाबंदियां है जिनका पालन करना अनिवार्य होगा। दिल्ली में इस समय वायु प्रदूषण लेवल (एक्यूआई) 300 पार दर्ज हो गया है।

दिल्ली मेट्रो ने बढ़ाए ट्रेनों के फेरे

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के चलते लागू हुए ग्रैप चरण एक के चलते दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने घोषणा कर दी है कि लोगों को राहत देने के लिए 22 अक्टूबर 2026 से दिल्ली मेट्रो अपने नेटवर्क पर कार्यदिवसों के दौरान 20 अतिरिक्त फेरे चलाएगी। इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनुज दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रैप-1 लागू होने के मद्देनजर, 22 अक्टूबर 2026 से सोमवार-शुक्रवार के दिन ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जा रहे है। जिससे की ज्यादा से ज्यादा लोगों को निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

इयूटी के दौरान जान गंवाने वाले कर्मियों की याद में पुलिस की स्मृति परेड

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को किंग्सवे कैंप के परेड मैदान में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया और ड्यूटी करते हुए जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि एक सितंबर, 2025 से 31 अगस्त, 2026 के बीच कुल 154 पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई। इनमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 25, बिहार के 12, जम्मू-कश्मीर के नौ, मध्य प्रदेश के नौ और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के नौ जवान शामिल हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के आठ जवानों ने भी अपनी जान गंवाई। बयान में कहा गया है कि केंद्रीय पुलिस संगठनों में असम राइफल्स के छह, बीएसएफ के 25, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के चार, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो, आईटीबीपी के नौ, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के पांच जवानों ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई। बयान में कहा गया कि इस अवसर पर अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड के एक-एक जवान तथा दिल्ली पुलिस के तीन जवानों को सम्मानित भी किया गया। पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में शहीद हुए 10 पुलिसकर्मियों के बलिदान की याद में मनाया जाता है। इन पुलिसकर्मियों पर भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था।

एनएमसी नियमों की अवहेलना कर हिंदूराव अस्पताल में नियुक्त की गई नई एमएस, अधिकारी चुप

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम का एक और कारनामा सामने आया है। निगम के आला अधिकारियों ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कम अनुभव व मानकों को पूरा नहीं करने के बावजूद डॉ. रेनू शर्मा को हिंदूराव अस्पताल का चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) बना दिया है। नियमों को दरकिनार कर इस नियुक्ति पर निगम के आला अधिकारियों ने या तो चुप्पी साध ली है, या फिर घुमा फिराकर गोलमोल जवाब दे रहे है। एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार किसी भी चिकित्सा संस्थान में चिकित्सा अधीक्षक के लिए कम से कम दस वर्ष के अनुभव हो, जिसमें कम से कम से पांच वर्ष का अनुभव बतौर प्रोफेसर के रूप में होना अनिवार्य है। बावजूद इसके निगम के आला अधिकारियों ने तमाम नियमों को ताक पर रख बालक राम अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू शर्मा को हिंदूराव अस्पताल का नया एमएस बनाकर तबादला कर दिया है।



एमएस और डीन अलग-अलग, नहीं हुई अनियमितताः नरेश कुमार

इस मामले पर निगम के एडिशनल डीएचए नरेश कुमार ने कहा कि हिंदू राव मेडिकल कॉलेज में एमएस और डीन अलग अलग होते है। ऐसे में डा. रेनू शर्मा को हिंदूराव मेडिकल कॉलेज की एमएस बनाया गया है, क्योंकि यहां डीन अलग है। डीएचए नरेश कुमार ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि अधिक जानकारी आदेश जारी करने वाले केंद्रीय संस्थापना विभाग के निदेशक ही दे सकते है।

अनियमितता मिलने पर जांच कराई जाएगीः मुकेश

निगम की नियुक्ति एवं पदोन्नति समिति के अध्यक्ष मुकेश गोयल का कहना है कि नियमों के अनुसार नियुक्ति और पदोन्नति के मामलों को लेकर अनियमितता मिलने पर जांच कराई जाएगी। अनियमितता मिली तो तय है कि इस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

निगम में भ्रष्टाचार पहुंच चुका है चरम परः नारंग

निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने इस मुद्दे पर कहा कि एमसीडी में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। हम ट्रांसफर पोस्टिंग में हो रहे भ्रष्टाचार का मामला उठाते रहे है। अगर इस मामले में अनियमितता का पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे।

साइबर धोखाधड़ी के मामले में दो लोग गिरफ्तार

एजेंसी. नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में ऑनलाइन निवेश और मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति से 22.50 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, 29 अप्रैल को दर्ज मामले की जांच के बाद राज कुमार (34) और विपिन कुमार (29) को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता को एक ऑनलाइन मंच के जरिए निवेश करने का लालच दिया गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान वित्तीय लेनदेन का विश्लेषण करने पर पता चला कि ठगी की रकम में से एक लाख रुपये राज कुमार के बैंक खाते में भेजे गए थे। पुलिस ने 17 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के मथुरा से राज कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि अपने रिश्तेदार विपिन कुमार के कहने पर उसने 15,000 रुपये लेकर बैंक खाता खुलवाया था। पुलिस के अनुसार, इसके बाद 18 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के टप्पल से विपिन कुमार को गिरफ्तार किया गया। वह कमीशन के बदले दूसरों को बैंक खाते उपलब्ध कराता था।

पीतमपुरा में किशोर की चाकू घोंपकर हत्या, चार पकड़े गए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पीतमपुरा में एक लड़की को लेकर हुए विवाद में एक किशोर की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई जबकि एक अन्य व्यक्ति इस मामले में घायल हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मामले में चार किशोरों को पकड़ा गया है। पुलिस ने वारदात में कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया खून से सना खंजर भी बरामद कर लिया है। यह घटना 20 अक्टूबर को मौर्य एन्क्लेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीतमपुरा के क्यूयू ब्लॉक के पास हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि घटना में घायल आशु और अरुण को बीएसए अस्पताल ले जाया गया, जहां अरुण को



मृत घोषित कर दिया गया। आशु के शरीर पर चाकू से वार किए जाने के निशान मिले हैं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि चाकूबाजी से पहले एक लड़की को लेकर उनके बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि दोनों पर एक ही व्यक्ति ने चाकू से हमला किया था। अधिकारी ने बताया कि मौर्य एन्क्लेव थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या), 109(1) (हत्या का प्रयास) और 3(5) (साझा इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

भाजपा ने किया 'भारतीय जनसंघ हीरक जयंती स्मरण एवं संस्मरण सभा' का आयोजन

नई दिल्ली। भारतीय जनसंघ की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने 'भारतीय जनसंघ हीरक जयंती स्मरण एवं संस्मरण सभा' का आयोजन किया। प्रदेश भाजपा के अनुसार, सभा का आयोजन गोल मार्किट क्षेत्र स्थित रघुमल आर्य कन्या विद्यालय के उसी हाल में हुआ जहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा जनसंघ की स्थापना बैठक आयोजित की गई थी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मुख्य वक्ता के रूप में सभा को सम्बोधित किया और उस से पूर्व सभा स्थल पर पधारते ही जनसंघ काल की राजनीतिक गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी देखी, फिर स्कूल के बाग में आम का एक वृक्ष लगाया और इसके बाद जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर सांसद, विधायक, पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता, प्रदेश पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि यहाँ हम केवल एक आयोजन का हिस्सा बनने नहीं आए हैं, बल्कि अपने वरिष्ठ नेताओं के अनुभवों, संघर्षों और संस्मरणों को सुनकर उस वैचारिक विरासत को समझने आए हैं, जिसने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की इस गौरवशाली यात्रा को दिशा दी है।

'मांडी रोड, बांध रोड के लिए 25.60 करोड़ मंजूर'

छतरपुर क्षेत्र में अब जलभराव से मिलेगी राहतः प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में मांडी रोड, बांध रोड और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को हर मानसून में होने वाले जलभराव से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए 25 करोड़ 60 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति और व्यय मंजूरी प्रदान की है। इस राशि से आधुनिक जल निकासी व्यवस्था विकसित करने के साथ दो पंप हाउस बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्षों से सुल्तानपुर, गदाईपुर गांव, जौनापुर गांव और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को हर मानसून में जलभराव के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सड़कें पानी में डूब जाती थीं, आवागमन बाधित होता था और स्थानीय कारोबार भी प्रभावित होता था।

अब इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में योजना को मंजूरी मिल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस परियोजना की शुरुआत जुलाई में लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के स्थलीय निरीक्षण के बाद हुई। उस समय भारी बारिश के कारण इस सड़क पर गंभीर जलभराव हो गया था।



परियोजना के तहत क्या-क्या होगा?

मंत्री ने बताया कि मांडी सड़क के दोनों ओर 710-710 मीटर लंबी प्रीकास्ट नालियों का निर्माण किया जाएगा। इस प्रकार कुल 1,420 मीटर नालियां बनाई जाएंगी। बांध सड़क के एक ओर 1,920 मीटर लंबी प्रीकास्ट नाली का निर्माण होगा। वहीं, बारिश के पानी की तेजी से निकासी के लिए दो पंप हाउस बनाए जाएंगे। इसके साथ ही मांडी रोड का पुनर्निर्माण कार्य किया जाएगा। 4 किलोमीटर लंबी मंडी रोड को मजबूत बिटुमिनस सड़क के रूप में दोबारा बनाया जाएगा। इसके लिए दक्षिण क्षेत्र की संयुक्त निविदा प्रक्रिया के तहत वित्तीय बोलियां खोली जा चुकी हैं और जल्द ही कार्य आवंटित किया जाएगा।

आखिर क्यों होता है इस इलाके में जलभराव

मंडी रोड सीडीआर चौक से जौनापुर गांव होते हुए दिल्ली-हरियाणा सीमा तक जाती है। यह क्षेत्र प्राकृतिक रूप से निचले भूभाग में स्थित है। पहले बारिश का पानी प्राकृतिक जल निकासी मार्ग से हरियाणा की ओर निकल जाता था, लेकिन तेजी से हुए शहरीकरण के कारण यह निकासी मार्ग बंद हो गया। इसके बाद से हर मानसून में इलाके में घुटनों तक पानी भरने, यातायात जाम होने और सड़कों को नुकसान पहुंचने जैसी समस्याएं सामने आने लगीं। अब तक पानी निकालने के लिए अस्थायी पंपों का सहारा लिया जाता था, लेकिन इससे लोगों को कुछ समय के लिए ही राहत मिल पाती थी। नई प्रीकास्ट नालियों और दो पंप हाउस के निर्माण से बारिश के पानी की निकासी के लिए एक व्यवस्थित मार्ग तैयार होगा, जिससे जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने में मदद मिलेगी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पालनी स्वामी, पुत्रः मायावन, निवासीः वाई–1735 मंगोलपुरी, दिल्ली** ने **FIR No.: 0124/23, U/s: 379/411 IPC, पुलिस थाना रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पालनी स्वामी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पालनी स्वामी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना रानी बाग, दिल्ली** के अभियुक्त **पालनी स्वामी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.12.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा जिंदल
एसीजेएम, उत्तर पश्चिम, कमरा नंबर 101, पहली मंजिल,
DP/15062/OD/2026 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धनंजय त्रिवेदी, पिताः रतन त्रिवेणी, निवासीः 498, गली नंबर 06, संगम विहार, दिल्ली** ने **Cr. Case No. 8403/2021, Case FIR No. 209/2020, U/s: 411 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **धनंजय त्रिवेदी** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **धनंजय त्रिवेदी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **धनंजय त्रिवेदी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री आकाश मोहन सिंह
जेएमएफसी – 12, दूसरी मंजिल, कमरा नंबर 284,
DP/15030/N/2026 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि अभियुक्त नामः **निकेत कंसल, पुत्रः राजीव कंसल, निवासीः मकान नं. 25, प्रथम तल, संत नगर, ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.320/2024 Dt.28.07.2024 U/S 21/22/29/38 NDPS ACT** के तहत एक मामला **थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **निकेत कंसल** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **निकेत कंसल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.320/2024 Dt.28.07.2024 U/S 21/22/29/38 NDPS ACT, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के अभियुक्त **निकेत कंसल** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **01.12.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, **श्री भूपिंदर सिंह**
विशेष अनन्य न्यायालय,
DP/15068/SP.CELL/2026 विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस–10, आरएसीसी,
(अदालती मामला) न्यायालय संख्या 702, सातवीं मंजिल, नई दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वजीर पुत्र साजन सिंह निवासी ए–146, हरिजन बस्ती, पतासे वाली गली, बवाना, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 98/2024, अंतर्गत धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना बेगमपुर, जिला रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वजीर** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वजीर** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 98/2024, अंतर्गत धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना बेगमपुर, जिला रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **वजीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा जिन्दल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 101
DP/15057/RD/2026 प्रथम तल, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
(Court Matter)

नई दिल्ली, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

3

सुविचार

यदि आपको अपनी मंजिल तक पहुंचना है तो सबसे पहले रास्ता बनाना सीखें।



7 टेस्ट में स्टीव स्मिथ ने पूरे किए 11 हजार रन

दीवाली से पहले बाजार में खुशियों की आतिशबाजी : जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ : अब तक 3.16 गुना गुना सब्सक्राइब, क्यूआईबी कैटेगरी 9.42 गुना सब्सक्राइब

भारत का सबसे तेज आईपीओ

पहले 100 मिनट में ही पूर्ण और बोलियां 69,745 करोड़ के 'पार'

यह आईपीओ डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में जियो की विस्तार महत्वाकांक्षा का एक बड़ा परीक्षण है। कंपनी का 53.3 करोड़ का ग्राहक आधार इन कारोबारों की नींव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के सबसे बड़े 30,213 करोड़ के जियो आईपीओ को पहले ही दिन 3.16 गुना सब्सक्रिप्शन मिल गया। बुधवार को जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ पर निवेशकों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। करीब 30.5 लाख आवेदन आए और एंकर निवेशकों से अलग, सार्वजनिक सब्सक्रिप्शन में करीब 69,745 करोड़ की बोलियां मिलीं। बड़े संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) की कैटेगरी 9.42 गुना सब्सक्राइब हो गई। कर्मचारियों और रिलायंस शेयरहोल्डर्स के लिए रिजर्व कोटे भी पूरी तरह भर गए हैं। अब तक जियो आईपीओ को कुल मिलाकर करीब 3.20 लाख करोड़ की बोलियां मिल चुकी है। इसमें एंकर निवेशकों की करीब 2.50 लाख करोड़ और गैर-एंकर निवेशकों की करीब 70,000 करोड़ की बोलियां शामिल हैं।

- करीब 30.5 लाख आवेदन, कर्मचारी और शेयरहोल्डर कोटे भी फुल
- जुटाने थे 30,213 करोड़ रुपए
- मूल्य प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपए निर्धारित किया गया



मुकेश अंबानी

रिटेल कैटेगरी में यह अब तक की सबसे बड़ी बोली राशि

जियो आईपीओ में कर्मचारियों का कोटा 1.36 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 1.46 गुना सब्सक्राइब हुआ। कर्मचारियों के लिए 500 करोड़ और पात्र रिलायंस शेयरहोल्डर्स के लिए 2,500 करोड़ तक के शेयर रिजर्व हैं। गैर-संस्थागत निवेशकों की कैटेगरी 1.68 गुना और रिटेल कैटेगरी 73 फीसदी सब्सक्राइब हुई। रिटेल कैटेगरी में पहले ही दिन करीब 6,908 करोड़ की बोलियां आना भी एक रिकॉर्ड है। किसी भारतीय आईपीओ के पहले दिन रिटेल कैटेगरी में यह अब तक की सबसे बड़ी बोली राशि है।

पहले ही दिन 316 फीसदी सब्सक्राइब

-साल 2026 के दूसरे बड़े आईपीओ से तुलना करें तो जियो की शुरुआत काफी तेज रही। इस साल जियो के अलावा तीन सबसे बड़े आईपीओ में एनएसई को पहले दिन 42 फीसदी, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट को 68 फीसदी और मणिपाल हेल्थ को महज 15 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिला था। इनमें से कोई भी आईपीओ पहले दिन पूरी तरह सब्सक्राइब नहीं हो पाया था। इसके मुकाबले जियो का आईपीओ पहले ही दिन 316 फीसदी सब्सक्राइब हुआ है।

निवेश के लिए अभी दो दिन बाकी

जियो के पहले दिन के सब्सक्रिप्शन ने हुंडई मोटर इंडिया के पूरे बिडिंग पीरिएड के सब्सक्रिप्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। जियो से पहले देश के सबसे बड़े आईपीओ का रिकॉर्ड हुंडई के नाम था। अक्टूबर 2024 में आए हुंडई आईपीओ को पहले दिन महज 18 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिला था। पूरे बिडिंग पीरियड में भी यह सिर्फ 2.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। खास बात यह है कि जियो आईपीओ में निवेश के लिए अभी दो दिन बाकी हैं। आईपीओ 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा। ऐसे में निवेशकों के पास इसमें आवेदन करने के लिए अभी और समय है।

- संस्थागत निवेशक देश के इस सबसे बड़े आईपीओ की मांग में अग्रणी रहे
- जियो ने पहले ही दिन पार किया हुंडई के पूरे बिडिंग पीरियड का सब्सक्रिप्शन
- यह निर्गम 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा

खबर संक्षेप

संघ प्रमुख भागवत आज आएंगे बिलासपुर

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत 22 व 23 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर में रहेंगे। वे यहां बौद्धिक वर्ग को



संबोधित करेंगे तथा बैठक लेकर छत्तीसगढ़ प्रांत के कार्यकर्ताओं से संगठन कार्य विस्तार एवं प्रबोधन पर चर्चा करेंगे। आरएसएस प्रमुख डॉ. कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित संघ के कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

राष्ट्रपति मुर्मू दो दिन के छत्तीसगढ़ के प्रवास पर

रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रही हैं। रायपुर के लोक



भवन में वे माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए मूल्य वर्ग का स्मारक सिक्का जारी करेंगी। यह कार्यक्रम दोपहर 12:45 बजे आयोजित होगा। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं।

सरकार की कार्रवाई की आलोचना को सिरे से खारिज कर दिया

अमेरिका में विरोध-प्रदर्शन रोजाना का सिलसिला भारत में तो लोकतंत्र के साथ होते चुनाव: रुबियो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीजेपी के प्रदर्शनों पर सरकार की कार्रवाई का विरोध करते अमेरिकी सांसदों, यूएन विशेषज्ञों की टिप्पणी को विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने किया सिरे से खारिज

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बीते कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के बाकी राज्यों में जारी विरोध-प्रदर्शनों पर भारत की धरती से पहली बार अमेरिका की एक बेहद महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें खुद विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने साफ शब्दों में अमेरिकी सांसदों और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के 20 विशेषज्ञों द्वारा मामले पर की गई भारत सरकार की कार्रवाई की आलोचना को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में क्या अमेरिका में तो इस तरह के विरोध, प्रदर्शन हर रोज होते हैं? भारत एक लोकतंत्र है और यहां पर चुनाव होते हैं। ऐसे में प्रदर्शनों से जुड़ा मामला पूरी तरह से नई दिल्ली की घरेलू राजनीति से जुड़ा हुआ है यानी ये इनका एक आंतरिक मुद्दा है। जिस पर हम कुछ भी टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे। यहां बता दें कि रुबियो अपनी पत्नी जीनेट के साथ बीते 20 अक्टूबर से भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। जिसके तहत सबसे पहले मुंबई में भारतीय विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक हुई। इसके बाद बुधवार को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी है।



क्यूबा की दी मिसाल

रुबियो ने क्यूबा का उदाहरण देते हुए समझाया कि वहां पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की स्थिति बेहद जटिल है। हालात तब और भी गंभीर हो जाते हैं। जब विपक्ष सरकार के विरोध में खड़ा होता है या अपनी आवाज बुलंद करने की कोशिश करता है। क्योंकि उस दौरान उसे अपने ही देश में दमन, हिंसा या निर्वासन जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, मुद्दे को भारत के परिपेक्ष्य में देखें तो यहां लोकतंत्र है और चुनाव भी होते हैं। इसलिए किसी भी तरह का फैसला करने का अधिकार आम नागरिकों के पास ही है, उन्हें ही करना चाहिए।

यूएन विशेषज्ञों को बताया 'विरोधाभास'

उन्होंने यूएन विशेषज्ञों के बयानों को लेकर कहा कि वो मेरे पसंदीदा हैं। लेकिन मैं ये भी कहना चाहूंगा कि वो अपने आप में ही विरोधाभास है। जहां तक विरोध-प्रदर्शनों की बात है, तो मेरे विचार में भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां पर चुनाव भी होते हैं। साथ ही हमें ये समझना होगा कि प्रदर्शन और दंगों के बीच बुनियादी अंतर होता है। लेकिन यहां यह भी बताना जरूरी है कि मैं उन घटनाओं की बात नहीं कर रहा हूं, जिनमें हिंसा, आगजनी और भवनों में तोड़फोड़ की जाती है। सार्वजनिक रूप से सड़कों पर उतरकर सत्ता के खिलाफ विरोध, प्रदर्शन करना इस बात का स्पष्ट संकेत हो सकता है कि देश में राजनीतिक वाद-विवाद और असहमति के लिए पर्याप्त स्थान मौजूद है।

सीजेपी के प्रदर्शनों की असली वजह

गौरतलब है कि सीजेपी का आरोप है कि सीईसी ज्ञानेश कुमार ने सरकार के इशारे पर एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। देशभर से 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। इस मसले को ज्यादा हवा उस वक्त मिली। जब सीजेपी को कांग्रेस व अन्य राजनीतिक दलों का भी बड़े पैमाने पर साथ मिला। सभी एकजुटता से सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सीजेपी के हौसले फिलहाल इसलिए भी बढ़े हुए हैं। क्योंकि पूर्व में उनके द्वारा नीट पेपरलीक मामले पर केंद्र की तरफ से संसद में मौजूदा कानून में संशोधनों के जरिए बड़े बदलाव करने के बाद भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित

नई दिल्ली में बुधवार से हुई सेना के तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन की शुरुआत



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच बुधवार से नई दिल्ली में थलसेना के शीर्ष कमांडर सम्मेलन की शुरुआत हो गई है। जिसकी अध्यक्षता सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ कर रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को बल की सभी सातों कमांड के वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करेंगे। यह आयोजन तीन दिवसीय होगा और 21 से 23 अक्टूबर तक चलेगा। रक्षा मंत्रालय ने 21 अक्टूबर को बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और इलेक्ट्रॉनिक्स-सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव समकालीन सुरक्षा से जुड़े मामलों पर अपने विचार कमांडरों के समक्ष रखेंगे। ज्ञात हो कि यह सम्मेलन एक द्विवार्षिक आयोजन है। जिसका साल में दो बार आयोजन किया जाता है। ऐसे में यह इस वर्ष का सेना का दूसरा और अंतिम सम्मेलन है।

इन मुद्दों पर होगा मंथन

मंत्रालय ने ये भी बताया कि ये सम्मेलन जनरल सेठ व अन्य कमांडरों को तीन दिनों की इस समय अवधि में बदलते सुरक्षा परिवेश, परिचालन तत्परता, क्षमता विकास और भविष्य के लिए तैयार परिवर्तनकारी पहल जैसे मुद्दों पर अपने विचारों को एक-दूसरे के साथ बांटने का अवसर प्रदान कर रहा है। इसके अलावा इससे थलसेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए जारी कदमों की समीक्षा करने, भविष्य से संबंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान के साथ सेना के निर्माण की दिशा में उचित नीतिगत दिशानिर्देश तैयार के लिए एक जरूरी मंच भी मिलेगा।

सेना के युद्ध सिद्धांत का होगा विमोचन

रक्षा मंत्री सम्मेलन में सेना के युद्ध सिद्धांत, संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक पत्रिका का विमोचन करेंगे। जबकि उनके द्वारा यूएन शांतिरक्षक के रूप में सेवा करते हुए सराहनीय योगदान देने वाले थलसेना कर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा। जो कि एक प्रकार से सैन्यकर्मियों की अनुकरणीय सेवा, पेशेवराना अंदाज में यूएन के बैनर तले वैश्विक शांति और सुरक्षा को लेकर दिए गए योगदान को मान्यता प्रदान करेगा। वहीं, सम्मेलन में ही सेनाध्यक्ष पर्यावरण स्थिरता, संसाधनों का प्रबंधन सहित एक सशक्त विमानन संस्कृति को बढ़ावा देने में उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए हरित सैन्य स्टेशनों, विमानन उड़ान सुरक्षा के लिए भी पुरस्कार प्रदान करेंगे।

राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के भाव से स्थापित जनसंघ आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी: नवीन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को नई दिल्ली में जनसंघ के 75वें स्थापना दिवस संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे पुरोधाओं द्वारा 'राष्ट्र प्रथम' और 'अंत्योदय' के भाव से रोपा गया जनसंघ का बीज, आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी रूपी विशाल वटवृक्ष बन चुका है। उन्होंने आह्वान किया कि आज की पीढ़ी को पूर्वजों के निस्वार्थ संघर्ष से प्रेरणा ले और पीएम मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' व देश को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, दिल्ली प्रदेश की सह-प्रभारी दर्शना जरदोश, पार्टी के वरिष्ठ नेता वी सतीश सहित वरिष्ठ नेतागण मौजूद थे।

नवीन ने कहा कि 75 वर्ष पूर्व, 21 अक्टूबर 1951 को पार्टी की स्थापना के समय न कार्यालय थे, न पर्याप्त संसाधन और न ही आवागमन के साधन। कई बार कार्यकर्ताओं के पास रसीदें रखने तक की जगह नहीं होती थी। इसके बावजूद उनके मन में केवल एक ही संकल्प था कि संगठन और उसके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को सब कुछ अनुकूल परिस्थितियों में मिला है। भाजपा के विचार आज हर गली, मोहल्ले, गांव और घर तक पहुंच चुके हैं, विकास की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं और नेतृत्व की पहचान भी घर-घर में है। ऐसे में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने की जिम्मेदारी उनकी पीढ़ी की है। उन्होंने कहा कि उस दौर में संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद ▶▶ शेष पेज 6 पर


टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस

एक्टरों में दहशत, घरों में लगा रहे बुलेटप्रूफ शीशे

अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार, आवाज की जांच करा रही पुलिस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर रविवार को हुए जानलेवा हमले के मामले में मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तीन मुख्य आरोपियों के बाद अब 5 और लोग गिरफ्तार हुए हैं, जिससे कुल गिरफ्तारियां 8 हो गई हैं। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक हमले के तीनों मुख्य आरोपी राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से पकड़े गए। इनमें बिहार के बेगूसराय का ऋतिक कुमार उर्फ रोशन, हरियाणा के सोनीपत का रेहान और हरियाणा का ही एक नाबालिग शामिल है। तीनों मुंबई से पुणे-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सवार होकर फरार हो रहे थे। इसके बाद जांच में मिले सुराग के आधार पर पांच और लोग गिरफ्तार हुए। बुधवार सुबह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोनीपत के कुणाल (21) और सुमित (19) यूपी की राधा (23) और बबीता (23) भी गिरफ्तार हुईं, जिन पर शूटरों को हथियार सप्लाई करने का आरोप है। मुंबई पुलिस के मुताबिक पकड़े गए पांचों में से 4 दिल्ली से और 1 हरियाणा से हैं।



भारत का पैरा एशियन गेम्स

पदक संख्या 62, सिमरन और दिलीप ने जीते गोल्ड



सिमरन और दिलीप गावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को भारत ने पांच स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। सिमरन, प्रवीण कुमार, सचिन खिलारी, दिलीप गावित और आयुष वर्मा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सिमरन, प्रवीण कुमार और सचिन खिलारी ने खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने कई पदक हासिल किए। शैलेश कुमार ने पुरुषों की लंबी कूद टी42 स्पर्धा में 5.57 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता।

- तीसरे दिन भारत ने 5 स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

चुनिंदा देशों पर निशाना साधने के लिए जायज नहीं मानवाधिकारों का इस्तेमाल

यूएनजीए की तीसरी समिति की बैठक में भारतीय राजनयिक बरखा ताम्रकार ने स्पष्ट किया देश का रुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अक्सर सार्वजनिक की जाने वाली संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की रिपोर्ट में भारत पर टीका-टिप्पणी



किया जाना एक साधारण सी बात है। लेकिन जब मुद्दा संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की किसी बैठक से जुड़ा हुआ हो। तो नई दिल्ली का बिना वक्त गंवाए प्रतिक्रिया देना बनता है। यहां हम बात कर रहे हैं बीते मंगलवार देर रात हुई महासभा की तीसरी समिति की बैठक की। जिसमें मानवाधिकारों के इस्तेमाल के नाम पर भारत पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाए गए। जवाब में भारत के विदेश मंत्रालय की उप-सचिव बरखा ताम्रकार ने बेहद सधे हुए अंदाज में सबसे पहले सभी आरोपों का पुरजोर अंदाज में खंडन किया और उसके तुरंत बाद कहा कि मानवाधिकार के मामले पर निष्पक्षता और पारदर्शिता की दरकार है। इसका प्रयोग चुनिंदा देशों को निशाना बनाने के साधन या उनके खिलाफ राजनीतिक दबाव बनाने के लिए बिलकुल नहीं किया जाना चाहिए।

सामान्य संवाद को अंतिम निर्णय न समझें

दरअसल, यूएनजीए की समिति की यह बैठक 'जबरन गुमशुदगी पर कार्य समूह से संबंधित एजेंडे' पर आधारित थी। जिसमें भारतीय राजनयिक ने यह भी कहा कि महज अपुष्ट तथ्यों और आधे-अधूरे आंकड़ों के साथ और कुछ नहीं बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र यानी भारत की छवि को धूमिल करने की कोशिश की गई है। जिसे हम दो टूक अंदाज में नकारते हैं। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार से संबंधित मंचों के साथ न केवल जुड़कर काम करता है। बल्कि हम मजबूती के साथ इसके पक्ष में भी खड़े हैं। लेकिन इन सबके बीच यहां असली मुद्दा संवाद प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। जिसे बिना किसी पूर्वाग्रह से इतर आपसी समझ और सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए। बरखा ने महासभा से यह आग्रह भी किया है कि उसके समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली तमाम रिपोर्ट को उचित संदर्भ के साथ पेश करने के अलावा यहां मानवीय उद्देश्य से होने वाले किसी सामान्य संवाद को अंतिम निर्णय के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

भारत के विरोध में मानवाधिकार विशेषज्ञ

उल्लेखनीय है कि महासभा के मंच से यह मुद्दा बीते दिनों यूएन के तकरीबन डेढ़ दर्जन से अधिक मानवाधिकारों विशेषज्ञों द्वारा भारत की राष्ट्रीय राजधानी में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग के साथ सरकार विरोधी प्रदर्शनों के जवाब में की गई पुलिसिया कार्रवाई पर चिंता जताने के बाद सामने आया है। जिस पर यूएन में भारत के राजनयिक अनुज स्वरूप से नई दिल्ली के पक्ष को दुनिया के सामने मजबूती के साथ स्पष्ट किया था। वहीं, प्रदर्शनों को लेकर हालिया समय में यूएन मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय द्वारा की गई टिप्पणी को भारत ने पूर्णतः अस्वीकार बताते हुए देश के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप करार दिया था।

चिंतन

बैंकिंग सुरक्षा को और फुलफ्रूफ करना जरूरी



मुद्दा
राजकुमार सिंह

बैंक की तिजोरी में रखा पैसा ही नहीं, बल्कि ग्राहकों का भरोसा भी सबसे अहम पूंजी है। इस भरोसे की बुनियाद तब कमजोर पड़ जाती है, जब ग्राहकों की निजी जानकारी असुरक्षित हो या डेटा लीक जैसी घटनाएं सामने आएं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के करीब 4,000 ग्राहकों के डेटा के डार्क वेब पर मिलने और एचडीएफसी बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता लीक करने के आरोपों ने बैंकिंग सुरक्षा की इसी बुनियादी कमजोरी पर सवाल खड़े किए हैं। दोनों मामलों की प्रकृति अलग है और जांच के निष्कर्ष आने बाकी हैं, लेकिन साझा चिंता बेहद गंभीर है। बैंकिंग सुरक्षा का दायरा केवल हैकरों से बचाव तक सीमित नहीं रह सकता; इसे डेटा तक पहुंच, उसके इस्तेमाल और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। एसबीआई के मुताबिक, जांच में ग्राहकों के रिकॉर्ड में व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारियां मिली हैं। इनमें नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता और बैंकिंग पहचान संबंधी विवरण शामिल हैं। ऐसी जानकारियां अपराधियों के हाथ लगने पर फर्जी बैंक अधिकारी बनकर फोन करने, विश्वास जीतकर गोपनीय जानकारी हासिल करने और वित्तीय धोखाधड़ी का रास्ता खोल सकती हैं। खाते से पैसा निकलने के बाद नुकसान का पता चलना एक स्थिति है, जबकि निजी जानकारी अपराधियों के पास पहुंचने के बाद उसके दुरुपयोग की आशंका लंबे समय तक बनी रह सकती है। एचडीएफसी बैंक का मामला सुरक्षा की दूसरी परत उजागर करता है। यहां दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता भंग करने के आरोप हैं। जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा, लेकिन यह सवाल अनदेखा नहीं किया जा सकता कि संवेदनशील सूचनाओं तक पहुंच रखने वाले अधिकारियों की निगरानी कितनी प्रभावी है। किसी बैंक की ऋण संबंधी जानकारी, कारोबारी रणनीति और आंतरिक दस्तावेज भी उसकी संपत्ति हैं। खतरा केवल बाहरी सेंधमारी का नहीं, आंतरिक नियंत्रण की कमजोरी का भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए बैंकों को घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस व्यवस्था लागू करनी होगी। पहला कदम यह हो कि प्रत्येक कर्मचारी को केवल उतने ही डेटा तक पहुंच मिले, जितनी उसके काम के लिए जरूरी है। ग्राहकों के रिकॉर्ड देखने, डाउनलोड करने, साझा करने और उनमें बदलाव करने की गतिविधियों का सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। दूसरा, स्वतंत्र साइबर सुरक्षा ऑडिट और सुरक्षा प्रणालियों की नियमित जांच जरूर हो। परीक्षण केवल ऑनलाइन बैंकिंग तक सीमित न रहें, बल्कि ऋण दस्तावेजों, आंतरिक नेटवर्क, ईमेल और बाहरी सेवा प्रदाताओं तक फैले हों। गंभीर खामियों को दूर करने की समयसीमा तय हो और बैंक का शीर्ष प्रबंधन इसकी जवाबदेही ले। तीसरा, डेटा लीक की आशंका सामने आते ही प्रभावित प्रणालियों को सुरक्षित करने, डिजिटल साक्ष्य बचाने, स्रोत का पता लगाने और जोखिमग्रस्त ग्राहकों को समय पर सूचित करने की स्पष्ट प्रक्रिया हो। चौथा, आंतरिक गोपनीयता के उल्लंघन पर निष्पक्ष जांच और दोष साबित होने पर बिना भेदभाव कार्रवाई हो। भारतीय रिजर्व बैंक और संबंधित साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी नियमों के अनुपालन की प्रभावी निगरानी करनी चाहिए। एसबीआई और एचडीएफसी बैंक से जुड़े मामलों की जांच अपने निष्कर्ष तक पहुंचेगी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था सुधारने का काम अभी शुरू होना चाहिए। ग्राहकों का भरोसा बचाना है तो बैंकिंग सुरक्षा को वास्तव में और फुलप्रूफ बनाना ही होगा।

वैश्विक जन असंतोष के कारण भी समझें

अमेरिका को अपवाद मान लें तो शेष विश्व के लिए यूरोप स्वप्न लोक की तरह है। वहां का विकास, संपन्नता और चमक-दमक वाली जीवन शैली आकर्षित करती है। अगर वहां बसना वश की बात न हो, तो घूमने हर कोई जाना चाहता है। उसी यूरोप के कई देशों से अब डरावनी खबरें और तस्वीरें आ रही हैं। फ्रांस, यूरोप के बड़े और विकसित देशों में से है, लेकिन वहां सात-आठ लाख लोग सरकार के विरोध में सड़कों पर आ गये। राजधानी पेरिस में ही एक लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर नजर आये। फ्रांस के कई शहरों में आगजनी और लूटपाट के दृश्य आम हो गये।

बेशक राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सख्ती और दो हजार से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी के बाद हिंसा पर अंकुश लग सकता है, लेकिन विकास की चकाचौंध के पीछे का अंधेरा बेनकाब हो गया है। फ्रांस में जन असंतोष के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें समय रहते समझने और सुलझाने में विफल रही। चमक-दमक वाली जीवन शैली के अलावा पेरिस फैशन, परफ्यूम और ऐतिहासिक इमारतों के लिए जाना जाता है। 143 साल पुराने टाउन हॉल को दंगाइयों ने जला दिया। फ्रांस सरीखे विकसित और आधुनिक देश में ऐसे डरावने दृश्यों ने कई सवाल खड़े किए हैं, लेकिन विडंबना है कि जवाब सोच और सुविधा के अनुसार दिए जा रहे हैं। फ्रांस में अगले साल चुनाव हैं। इसलिए इस हिंसा के राजनीतिक प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता। कई जानकार इसमें कट्टर वामपंथ और आप्रवासियों की भूमिका भी देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो सीधे-सीधे मुस्लिम आप्रवासियों को निशाने पर लेते हुए कहा है कि पेरिस जल्दी ही मुस्लिम शहर बन जाएगा।

ट्रंप ने मैक्रों को सीमाएं बंद करने की सलाह देते हुए कहा है कि फ्रांस में जो कुछ हो रहा है, उसका संबंध स्कूल या किसी और चीज से नहीं, बल्कि आप्रवासन से है। आप्रवासन के मामले में फ्रांस यूरोप के सबसे उदार देशों में से है। इसका असर जनसांख्यिकी परिवर्तन के रूप में दिखता भी है। जनसांख्यिकी परिवर्तन से किसी देश या शहर का स्वरूप बदलने और सामाजिक चुनौतियां पैदा होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पिछले एक दशक में ही फ्रांस ने इस्लामी आतंकवाद के कई दंश झेले हैं। इसलिए यूरोपीय देशों को को राष्ट्रहित में भी आप्रवासन नीतियों पर तो पुनर्विचार करना ही चाहिए, लेकिन सिर्फ आप्रवासियों को हर समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराना सच से मुंह चुराना ही होगा।

सच यह भी है कि अन्य देशों की तरह फ्रांस में भी संसाधनों और संपत्ति पर मुठ्ठी भर लोगों का कब्जा है और बड़ी आबादी के लिए जीवन यापन मुश्किल होता जा रहा है। शायद इसलिए भी पिछले महीने स्कूलों की बदहाली के विरोध में शुरू आंदोलन को अचानक सरकार विरोधी हिंसक आंदोलन में तब्दील कर पाना आसान रहा। बेशक मुद्दों की वास्तविकता के बावजूद किसी आंदोलन को हिंसक और अराजक होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। आंदोलनकारियों की आड़ में असामाजिक- आपराधिक तत्व अपने मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो गये, तो यह सरकार और कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार एजेंसियों की भी नाकामी है। लाखों लोग सड़कों पर आगजनी और लूट



के लिए उतर आये, पर पुलिस और खुफिया तंत्र को भनक भी नहीं लगी। आगजनी और लूट में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और उन्हीं से नुकसान की भरपाई सही सोच है, लेकिन आंदोलन को वामपंथियों और आप्रवासियों की कारगुजारी बता देने भर सरकार अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही से मुक्त नहीं हो सकती। मैक्रों सरकार को बढ़ती आर्थिक विषमता, महंगाई और बेरोजगारी से मुश्किल होते जीवन यापन जैसे आम आदमी से जुड़े अहम् मुद्दों से मुंह चुराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अगर सरकार ने आम आदमी के जीवन यापन को आसान बनाने के लिए जरूरी कदम उठाये होते और स्कूलों की बदहाली के विरुद्ध आंदोलन से भी समय रहते संवाद के जरिये निपटने की कोशिश की होती तो शायद असामाजिक-आपराधिक तत्व उसमें घुस कर अपने मंसूबों को अंजाम नहीं दे पाते। फ्रांस के हालात जैसे ही संकेत कुछ अन्य यूरोपीय देशों से भी मिल रहे हैं। मिलान, इटली की राजधानी नहीं है, लेकिन उसे दुनिया की फैशन-राजधानी कहा जाता है। मिलान भी खूबसूरती और संपन्नता के लिए मशहूर है, लेकिन वहां से भी पिछले कुछ दिनों से उग्र जन असंतोष की खबरें और तस्वीरें आ रही हैं। इटली में भी जन असंतोष कई शहरों तक फैल चुका है और हिंसा में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबरें हैं। उसके मूल में भी कमोवेश फ्रांस जैसे ही कारण हैं। बेलगाम महंगाई तथा शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी सार्वजनिक सुविधाओं की बदहाली और बढ़ती आर्थिक विषमता पर चिंताएं नई नहीं हैं। अगर समय रहते ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाये गये तो जॉर्जिया मैलोनी को भी इटली में वैसे ही हालात का सामना करना पड़ सकता है, जैसे मुश्किल हालात से फ्रांस में मैक्रों रूबरू हैं। फ्रांस और इटली के अलावा पुर्तगाल और अल्बानिया में भी जन असंतोष सड़कों पर है। अपनी खूबसूरती के लिए वैश्विक पर्यटकों में लोकप्रिय अल्बानिया में महंगाई से मुश्किल होते जीवन यापन के अलावा बेलगाम भ्रष्टाचार को लेकर भी प्रधानमंत्री ईडी रामा से नाराजगी भी जन असंतोष का बड़ा कारण है।

असंतोष की उग्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय पर पेट्रोल बम तक फेंके गये। अल्बानिया में आंदोलनकारी सत्ता परिवर्तन चाहते हैं, पर 2013 से सत्ता पर काबिज ईडी रामा कुर्सी छोड़ने के मूड में नहीं दिखते। पुर्तगाल और स्पेन अपनी समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के लिए जाने जाते हैं, लेकिन ये दोनों देश भी बेलगाम महंगाई से आम नागरिक का जीवन यापन दूभर होने से मुखर होते जन असंतोष से जूझ रहे हैं। पुर्तगाल, खासकर राजधानी लिस्बन में तो बेलगाम रियल एस्टेट माफिया की बदौलत आवासीय संपत्तियां इतनी महंगी हो गई हैं कि आम पुर्तगाली न तो खरीद सकता है और न ही किराये पर ले सकता है। इसमें विदेशी निवेशकों की भी बड़ी भूमिका है, जिनके लिए तमाम देशों की सरकारें लाल कालीन बिछाने को लालायित रहती हैं-बिना यह विचार किए कि बेलगाम बाजारवाद का आम नागरिकों के जीवन यापन पर क्या असर पड़ेगा। ब्रिटेन के नागरिक भी अरसे से महंगाई की मार झेल रहे हैं। वहां स्वास्थ्य सुविधाएं ही आम नागरिक की पहुंच से बाहर हो गई हैं। ऐसा नहीं है कि बढ़ती आर्थिक असमानता से उपजता जन असंतोष सिर्फ यूरोप तक सीमित है। महंगाई की तपिश आर्थिक महाशक्ति अमेरिका में भी आम आदमी महसूस कर रहा है और अफ्रीकी देश केन्या में भी। जाहिर है, इधर-उधर की बातें करने के बजाय जन असंतोष के असली कारणों को समझते हुए नीतिगत सुधार का वक्त आ गया है। देश के लिए बाजार होना चाहिए, बाजार के लिए देश नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
महेन्द्र तिवारी



मतदाता सूची से नाम हटने पर आम आदमी की पीड़ा

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अपनी पसंद की सरकार चुनने का अवसर देने वाली शासन प्रणाली है। इसकी वास्तविक शक्ति जनता के विश्वास में निहित होती है। जब कोई नागरिक मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करता है, तब वह केवल किसी प्रत्याशी के पक्ष में मत नहीं देता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करता है। इसलिए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम होना लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। यदि किसी नागरिक का नाम बिना उचित कारण सूची से हटा दिया जाता है, तो यह केवल एक प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि उसके संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है। देश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर इन दिनों व्यापक चर्चा और विवाद हो रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान देशभर में लगभग 13 करोड़ नाम मतदाता सूचियों से संबंधित छंटाई और पुनरीक्षण की कार्रवाई के दायरे में आए हैं। निर्वाचन आयोग ने इन नामों को अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि जैसी श्रेणियों में रखा है। इसलिए इस संख्या को सीधे-सीधे इतने पात्र मतदाताओं के गलत ढंग से नाम काटे जाने के बराबर मानना उचित नहीं होगा। फिर भी, इस व्यापक प्रक्रिया के बीच ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें जीवित और पात्र नागरिकों को मृत या स्थानांतरित मान लिया गया। इससे सत्यापन की विश्वसनीयता और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। दिल्ली में भी इस पुनरीक्षण का प्रभाव व्यापक दिखाई दिया है। प्रारूप मतदाता सूची से लगभग 47.7 लाख नाम हटाए जाने की सूचना सामने आई थी। इनमें ऐसे लोग भी हो सकते हैं, जिनके सत्यापन प्रपत्र निर्धारित समय में प्राप्त नहीं हुए, जो अपने पुराने पते पर उपलब्ध नहीं थे अथवा जिनकी प्रविष्टियों में किसी प्रकार की विसंगति पाई गई। बाद में निर्वाचन अधिकारियों ने छूटे हुए मतदाताओं के पुनः सत्यापन और पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के लिए कदम उठाने की बात कही। इस घटनाक्रम का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि किसी सूची में नाम न मिलने और किसी व्यक्ति के मतदान के लिए अपात्र होने के बीच अंतर किया जाना चाहिए। पहली स्थिति जांच और सुधार की मांग करती है, जबकि दूसरी स्थिति के लिए नियमानुसार पर्याप्त आधार आवश्यक है। मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। यदि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहें, एक ही व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर दर्ज हो या अपात्र व्यक्तियों की प्रविष्टियां मौजूद हों, तो चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह मतदाता सूची को सही, अद्यतन और पारदर्शी बनाए। लेकिन इस उद्देश्य की पूर्ति ऐसी प्रक्रिया से होनी चाहिए जिसमें पात्र नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहें। प्रशासनिक सुविधा को नागरिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता। किसी घर पर एक या दो बार पहुंचने पर व्यक्ति का न मिलना, किसी पुराने पते पर उसका अनुपस्थित होना अथवा निर्धारित अवधि में प्रपत्र जमा न कर पाना अपने आप में यह सिद्ध नहीं करता कि वह मतदान का पात्र नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में यह चुनौती और जटिल हो जाती है। रोजगार की तलाश में लाखों लोग एक शहर से दूसरे शहर जाते हैं। इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मताधिकार केवल राजनीतिक अधिकार नहीं, बल्कि नागरिक की सामाजिक प्रतिष्ठा और लोकतांत्रिक पहचान से भी जुड़ा है। जब कोई व्यक्ति वर्षों से मतदान करता आया हो और अचानक उसे पता चले कि सूची में उसका नाम नहीं है, तो उसके लिए यह अनुभव निराशाजनक और अपमानजनक हो सकता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है। यह विश्वास तभी कायम रह सकता है जब प्रत्येक नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी पहचान, उसकी पात्रता और उसकी आवाज का सम्मान किया जाएगा। मतदान का अधिकार कानून द्वारा निर्धारित पात्रता से जुड़ा नागरिक अधिकार है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण तभी सफल माना जाएगा जब वह चुनावी व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने के साथ किसी पात्र नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर न होने दे। लोकतंत्र में हर मत महत्वपूर्ण है और हर पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करना ही एक जवाबदेह व्यवस्था की वास्तविक पहचान है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मो में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

अंतर्मन



आज की पाती

पुलिस को सेना जैसा सम्मान क्यों नहीं

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन पुलिसकर्मियों के बलिदान के लिए मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख में चीन के कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान की बाजी लगा दी थी। और यह देश के उन पुलिस कर्मियों के लिए भी मनाया जाता है जिन्होंने आम लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। देश में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की मुख्य भूमिका होती है। जब हम सभी दीपावली या अन्य त्योहार मना रहे होते हैं, तब पुलिस हमारी सुरक्षा की खातिर अपना फर्ज निभा रही होती है। कभी कभी धरने प्रदर्शनों के दौरान पुलिस को हिंसक झड़पों का भी सामना करना पड़ता है। बहरहाल पुलिस को सेना जैसा सम्मान देने की जरूरत है। - *दीपक अग्रवाल, दुर्ग*

ट्रेंड

ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई



हमारी पुलिस फोर्स 31 दिसंबर 2029 तक नशीले पदार्थों के गिरोहों को खत्म करने के लिए ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, और साथ ही युवाओं को इस बुराई के प्रति जागरूक भी कर रही है।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

देश का मान



एशियाई पैरा गेम्स-2026 में महिलाओं की 100 मीटर (टी12) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर, उत्तर प्रदेश की बेटी सिमरन शर्मा ने देश का मान बढ़ाया है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश भर के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणा है।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश

एशियन पैरा गेम्स



एशियन पैरा गेम्स 2026 में पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप गावित ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिगिनाकाथ ने रजत पदक हासिल किया। सालों की कड़ी मेहनत, अनगिनत बलिदानों और अटूट जज्बे ने भारत को गौरवान्वित किया है। हमारे दोनों चैंपियनों को बधाई!
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

पुलिस स्मृति दिवस



पुलिस स्मृति दिवस पर, हम अपने पुलिस बलों के उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं को नमन करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राष्ट्र के लिए दी गई उनकी सेवाओं के लिए सदैव उनके ऋणी रहेंगे।
-**मल्लिकार्जुन खड़गे ,** अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

हैरी ने पिता व भाई से रिश्ते सुधारने की इच्छा जताई




ब्रिटेन के युवराज हैरी अपने पिता महाराजा चार्ल्स तृतीय और भाई प्रिंस विलियम के साथ मतभेद दूर कर रिश्ते सुधारना चाहते हैं। परिवार और अपनों को खोने के दुख पर 'जीक्यू' पत्रिका के साथ एक साक्षात्कार में हैरी से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने पिता और भाई के साथ जटिल रिश्तों को लेकर दुख होता है? सितंबर के अंत में न्यूयॉर्क में रिकॉर्ड किया गया यह साक्षात्कार मंगलवार को प्रकाशित हुआ। हैरी ने जवाब दिया, हां, बिल्कुल। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर उनसे इस बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग नहीं चाहते कि रिश्ते सुधरें, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसा हो। बेशक, मैं ऐसा चाहता हूं। दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, उसे देखते हुए सबसे महत्वपूर्ण बात सुलह करना है। यही मुख्य बात है। हैरी, उनकी पत्नी मेघन और उनके दोनों बच्चे अगस्त के अंत में ब्रिटेन लौट आए थे। शाही परिवार के सक्रिय सदस्यों के रूप में अपनी भूमिकाएं छोड़कर कैलिफोर्निया जाने के उनके फैसले से शाही परिवार में दूरियां बढ़ गई थीं। इस फैसले को छह साल हो चुके हैं। इस दंपति ने पहले के साक्षात्कारों में शाही परिवार की आलोचना की थी। उन्होंने परिवार के एक अज्ञात सदस्य पर नस्लवाद का आरोप लगाया था और कहा था कि महल के कर्मचारियों ने मेघन के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई।

ऑफ बीट

एआई शॉपिंग एजेंट बेहतर सौदे का वादा करते हैं, गलती का नहीं

मेटा का हाल ही में पेश किया गया एआई एजेंट 'म्यूज' कई तरह के काम करने में सक्षम होने का भरोसा देता है। यह ईमेल भेजने, छुट्टियां मनाने के लिए जरूरी बुकिंग कर सकता है, मुश्किल ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है। लेकिन एक निजी खरीदारी सहायक के रूप में इसकी संभावनाओं को लेकर खासा ध्यान आकर्षित हो रहा है। यह सस्ते सौदों की तलाश करने और उपयोगकर्ता की मंजूरी के बिना खरीदारी करने में सक्षम है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति दौड़ने के लिए नए जूते खरीदना चाहता है। कुछ ही मिनट में एआई सहायक दर्जनों दुकानों की वेबसाइटों पर खोज कर सकता है और अलग-अलग ब्रांड की तुलना करके सबसे सस्ते और जरूरत के मुताबिक जूते ढूंढ सकता है। म्यूज अकेला ऐसा एआई एजेंट नहीं है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के बीच इन एजेंट को रोजमर्रा की खरीदारी का हिस्सा बनाने की होड़ लगी है। गूगल और ओपनएआई भी एआई आधारित शॉपिंग टूल विकसित कर रहे हैं। उपभोक्ताओं के लिए इन नए एआई एजेंट का फायदा साफ है। खरीदारी में कम समय लगेगा और बेहतर सौदे मिलने की संभावना होगी। वहीं, खुदरा कारोबारियों के लिए ये ऑनलाइन उत्पादों के प्रचार करने के तरीके को बदल सकते हैं।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

महंगाई के रुख पर निर्भर करेगा फैसला, आरबीआई ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी के दिए संकेत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रेपो रेट बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत किया, करीब चार साल बाद हुई बढ़ोतरी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने संकेत दिया है कि आने वाले समय में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की अवधि और उसकी सीमा देश की वास्तविक आर्थिक वृद्धि तथा महंगाई के रुख पर निर्भर करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौद्रिक नीति से जुड़े आगामी फैसले आर्थिक परिस्थितियों और महंगाई के दबाव का आकलन करने के बाद ही लिए जाएंगे। इससे संकेत मिलता है कि आरबीआई आगे भी महंगाई और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखने पर विशेष ध्यान देगा।

- वित्त वर्ष 2026-27 में 7.1 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान जताया

आरबीआई ने 5 से 7 अक्टूबर के बीच हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का विवरण जारी किया है। बैठक में समिति के सभी 6 सदस्यों ने रेपो रेट में 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर इसे 5.5 प्रतिशत करने के पक्ष में मतदान किया। यह करीब 4 वर्षों में ब्याज दरों में पहली बढ़ोतरी थी। इस फैसले को महंगाई पर नियंत्रण रखने और अर्थव्यवस्था में कीमतों के दबाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

महंगाई का दायरा बढ़ने पर आरबीआई की चिंता

आरबीआई गवर्नर ने महंगाई के दबाव के व्यापक होने पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में शामिल वस्तुओं में से अगस्त में 37 प्रतिशत ऐसी थीं, जिनकी महंगाई दर 4 प्रतिशत से अधिक रही। मार्च में यह अनुपात केवल 20 प्रतिशत था। आंकड़ों में यह वृद्धि दर्शाती है कि महंगाई का दबाव कुछ चुनिंदा वस्तुओं तक सीमित रहने के बजाय अर्थव्यवस्था में अधिक व्यापक हो रहा है। यदि अधिक वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार तेजी बनी रहती है, तो इसका असर आम उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति और घरेलू बजट पर पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में आरबीआई के सामने कीमतों को नियंत्रित रखने के साथ आर्थिक गतिविधियों की गति बनाए रखने की चुनौती भी रहती है।

ब्याज दरों में आगे की बढ़ोतरी आर्थिक परिस्थितियों पर निर्भर

मल्होत्रा के अनुसार ब्याज दरों में बढ़ोतरी का अगला चरण कितना लंबा होगा और दरों में कुल कितनी वृद्धि की आवश्यकता पड़ेगी, यह वास्तविक आर्थिक वृद्धि और महंगाई के आगामी रुझानों से तय होगा। इसका अर्थ है कि आरबीआई फिलहाल भविष्य की ब्याज दरों को लेकर कोई निश्चित रास्ता तय करने के बजाय बदलती आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर निर्णय लेने की नीति अपना रहा है। रेपो रेट में बढ़ोतरी होने पर बैंकों के लिए धन जुटाने की लागत बढ़ सकती है। इसका असर आगे चलकर कर्ज की ब्याज दरों पर पड़ सकता है। यदि बैंक इस बढ़ोतरी का बोझ ग्राहकों तक पहुंचाते हैं, तो आवास, वाहन और व्यक्तिगत ऋण की ईएमआई बढ़ने की संभावना रहती है। हालांकि, इसका वास्तविक असर बैंकों की ब्याज दर संबंधी नीतियों और ऋण की शर्तों पर निर्भर करेगा। वहीं, ऊंची ब्याज दरें कर्ज लेने और खर्च करने की प्रवृत्ति को कम करके मांग के दबाव को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं। इससे महंगाई पर अंकुश लगाने में सहायता मिल सकती है।

7.1 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपीवृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह अनुमान अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता को लेकर केंद्रीय बैंक के आकलन को दर्शाता है। हालांकि, वास्तविक वृद्धि घरेलू मांग, निवेश, उत्पादन, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और महंगाई जैसे कारकों से प्रभावित हो सकती है। आर्थिक वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन बनाना आरबीआई की मौद्रिक नीति का प्रमुख उद्देश्य है। यदि अर्थव्यवस्था में मांग मजबूत बनी रहती है और कीमतों पर दबाव बढ़ता है, तो केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को ऊंचा बनाए रखने या उनमें और बढ़ोतरी करने पर विचार कर सकता है। इसके विपरीत, यदि आर्थिक गतिविधियों में कमजोरी के संकेत मिलते हैं और महंगाई का दबाव कम होता है, तो नीतिगत फैसलों का रुख अलग हो सकता है।

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में महंगाई छह प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान

आरबीआई ने 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई दर 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के दौरान इसके बढ़कर6 प्रतिशत तक पहुंचने की आशंका है। महंगाई में संभावित तेजी केंद्रीय बैंक के लिए नीतिगत चुनौती पैदा कर सकती है, क्योंकि कीमतों में लगातार वृद्धि होने पर घरेलू उपभोक्ताओं की वास्तविक आय और खर्च करने की क्षमता प्रभावित होती है। खुदरा महंगाई में खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य वस्तुओं की कीमतों की अहम भूमिका होती है। इनके दाम में उतार-चढ़ाव का असर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर पड़ता है। महंगाई का वास्तविक स्तर आने वाले महीनों में कीमतों के रुझान और आर्थिक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। कुल मिलाकर, आरबीआई की मौद्रिक नीति के सामने महंगाई को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास की गति बनाए रखने की दोहरी चुनौती है। बदलाव आर्थिक वृद्धि के प्रदर्शन से तय होगा।

---

31 दिसंबर तक चलेगा अभियान, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना से जोड़ने पर जोर

केंद्र ने शुरू किया राष्ट्रव्यापी वित्तीय समावेशन अभियान 2.70 लाख ग्राम पंचायतों, शहरी निकायों तक पहुंचेगा

रबी सीजन से पहले किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए भी होंगे आवेदन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बुधवार को देशभर में वित्तीय समावेशन अभियान की शुरुआत की। इसके तहत ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों के स्तर पर विभिन्न वित्तीय योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष पहल की जाएगी। यह अभियान 31 दिसंबर 2026 तक चलेगा और इसके दायरे में देश की 2.70 लाख ग्राम पंचायतों तथा शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाना है। वित्तीय सेवा विभाग के अनुसार, अभियान के दौरान बैंक विभिन्न सरकारी योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करने शिविर आयोजित करेंगे। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आवेदन और पंजीकरण की प्रक्रिया में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का जोर इस बात पर है कि पात्र नागरिकों को सरकारी वित्तीय सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

तीन प्रमुख योजनाओं में नामांकन पर विशेष जोर

अभियान के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। बैंकों की ओर से आयोजित शिविरों में पात्र लोगों को इन योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। वहीं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना दुर्घटना से होने वाली मृत्यु और निर्धारित परिस्थितियों में दिव्यांगता के विरुद्ध बीमा सुरक्षा प्रदान करती है। इन दोनों योजनाओं का उद्देश्य कम प्रीमियम पर व्यापक आबादी तक बीमा सुरक्षा पहुंचाना है। अटल पेंशन योजना के माध्यम से पात्र नागरिकों को बुढ़ापे में नियमित आय की सुरक्षा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अभियान के दौरान लोगों को योजना की पात्रता, अंशदान और लाभों की जानकारी देकर पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों और नियमित सामाजिक सुरक्षा के दायरे से बाहर रह गए नागरिकों को पेंशन व्यवस्था से जोड़ने में मदद मिल सकती है।

रबी सीजन से पहले किसानों पर भी रहेगा फोकस

वित्तीय समावेशन अभियान में किसानों को संस्थागत ऋण और फसल बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। रबी सीजन को देखते हुए किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन बढ़ाने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पात्र किसानों का नामांकन सुनिश्चित करने की पहल की जाएगी। इससे उन्हें बीज, खाद, कृषि उपकरण और अन्य आवश्यक कृषि गतिविधियों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने में मदद मिलती है। अभियान के दौरान किसानों को केसीसी से संबंधित जानकारी देने और आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने पर जोर रहेगा। वहीं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम और योजना के प्रावधानों के अंतर्गत आने वाले अन्य जोखिमों से फसल को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराना है। रबी सीजन से पहले इस योजना में नामांकन को बढ़ावा देने से पात्र किसानों को फसल जोखिम के विरुद्ध वित्तीय सुरक्षा प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। हालांकि, बीमा का लाभ संबंधित योजना के नियमों, पात्रता और निर्धारित शर्तों के अधीन होगा।

राज्य प्रशासन और बैंकों की होगी अहम भूमिका

वित्त मंत्रालय ने अभियान की प्रगति पर नियमित निगरानी रखने की व्यवस्था की है। वित्तीय सेवा विभाग के अनुसार, राज्य प्रशासन, बैंक और डीएफएस सहित प्रमुख हितधारक अभियान के तहत होने वाली प्रगति पर करीबी नजर रखेंगे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अभियान केवल नामांकन तक सीमित न रहे, बल्कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ भी पहुंचे। ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों को अभियान के केंद्र में रखने से स्थानीय स्तर पर लोगों की पहचान करने, योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आवेदन प्रक्रिया में सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है। बैंकों के शिविर अहम भूमिका निभाएंगे। इनके माध्यम से उन लोगों तक पहुंच बनाने का प्रयास किया जाएगा, जिन्हें बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के संबंध में जानकारी या प्रक्रिया पूरी करने में सहायता की जरूरत है।

अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य

केंद्र सरकार की इस पहल का व्यापक उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ना है। वित्तीय समावेशन के तहत बैंकिंग सेवाओं, बीमा सुरक्षा, पेंशन और कृषि ऋण जैसी सुविधाओं तक समान अवसरों के साथ पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी स्थानीय निकायों को भी अभियान में शामिल किए जाने से इसका दायरा व्यापक होगा। इससे विभिन्न सामाजिक और आर्थिक वर्गों के पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने और उनसे जुड़ने का अवसर मिलेगा। सरकार का मानना है कि वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का व्यापक विस्तार नागरिकों को आर्थिक जोखिमों से निपटने में सक्षम बनाने और सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने में मदद कर सकता है। 31 दिसंबर तक चलने वाले इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि बैंक, प्रशासन और अन्य संबंधित संस्थाएं मिलकर कितने प्रभावी ढंग से पात्र लाभार्थियों तक पहुंच बनाते हैं और उन्हें योजनाओं से जोड़ते हैं।

ऊपर सोलर पैनल, नीचे लहलहाएगी फसलः भारत मंडपम में एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस

85 फीसद छोटे और सीमांत किसानों के हित को केंद्र में रखकर बने एग्रीवोल्टाइक नीतिः शिवराज



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश का किसान अब केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा को अपनाकर वास्तविक अर्थों में 'अन्नदाता भी और ऊर्जादाता भी' बनने जा रहा है। बुधवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 3 दिवसीय '7वें एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस' के उद्घाटन सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि खेती और सौर ऊर्जा का संगम विश्व कल्याण और किसानों की आर्थिक समृद्धि का नया मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एग्रीवोल्टाइक नीति ऐसी बननी चाहिए जो देश के 85 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसानों के खेतों पर व्यावहारिक रूप से खरी उतरे। चौहान ने कहा कि एग्रीवोल्टाइक तकनीक से एक ही जमीन पर ऊपर सौर पैनल से बिजली पैदा होगी और नीचे फसल लहलहाएगी। उन्होंने इसे सरल देसी अंदाज में समझाते हुए कहा कि यह 'आम के आम और गुठलियों के दाम तथा हिंग लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा' जैसा सशक्त मॉडल है। उन्होंने कहा कि पुराने समय में कहा जाता था 'रहिमन पानी राखिए', लेकिन आज के युग में स्थिति ऐसी है कि 'रहिमन बिजली राखिए', क्योंकि आधुनिक जीवन और खेती में बिना बिजली सब शून्य है, इसलिए खेती के साथ-ऊर्जा उत्पादन को जोड़ना किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम है।

चौहान ने गर्व के साथ रेखांकित किया कि एक दौर था जब भारत खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्यान्न आयात पर निर्भर था, लेकिन आज देश के अन्नदाताओं के पसीने की बदौलत अन्न भंडार गेहूं और धान से पूरी तरह लबालब भरे हुए हैं। भारतीय कृषि क्षेत्र लगातार 4.5 प्रतिशत की मजबूत विकास दर बनाए हुए है, जो कीर्तिमान है। कृषि उत्पादों का निर्यात 52.55 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड पर पहुंच चुका है। रबी सीजन 2026-27 की बुवाई भी शुरू हो चुकी है। दलहन-तिलहन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चौहान ने वैज्ञानिकों और नीति-निर्माताओं के समक्ष स्पष्ट किया कि भारत में औसत भूमि जोत मात्र 0.96 हेक्टेयर है और 85 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे व सीमांत हैं, जिनके पास इतनी जमीन नहीं है कि वे खेती छोड़कर केवल सोलर प्लांट लगा सकें।

शिल्प मेले में दिखेगा हुनर, यहां पर विविध पारंपरिक उत्पाद देख और खरीद सकेंगे



एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम की राजधानी गुवाहाटी में बुधवार से 8 दिनों तक चलने वाला शिल्प समागम मेला 2026 आरंभ हुआ। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित मेला 28 अक्टूबर तक चलेगा। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खानापारा स्थित फार्म गेट पर यह मेला आम लोगों के लिए प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। आगंतुक यहां विविध पारंपरिक उत्पाद देख और खरीद सकेंगे तथा हुनरमंद कारीगरों के कार्यों को समर्थन दे सकेंगे।

उद्यमिता को मिलेगा बाजार

मेले में 75 कारीगर भाग ले रहे हैं। 31 महिला कारीगर शामिल हैं। ये 40 किस्में प्रदर्शित कर रहे हैं। यह कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और सीधे ग्राहकों को बेचने, संभावित खरीदारों से संपर्क स्थापित करने तथा अपने बाजार का विस्तार करने का अवसर देगा।

मुख्यमंत्री ने यातायात बहाली के दिए निर्देश

शहर में 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश

चेन्नई बारिश से बेहाल, सबवे और प्रमुख बस मार्गों से जल निकासी कराई गई

एजेंसी ⏭ चेन्नई



चेन्नई नगर निगम ने रातभर हुई भारी बारिश के बाद सबवे और प्रमुख बस मार्गों पर हुए जलभराव को बुधवार सुबह तक साफ कर इन्हें वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया। जीसीसी आयुक्त जीएस समीरन ने यह जानकारी दी। चेन्नई में बुधवार सुबह भी बारिश जारी रही। शहर में पिछले 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश हुई। बारिश का सबसे अधिक असर दक्षिण चेन्नई में रहा। कोडम्बाक्कम, वलसरवक्कम, वेलाचेरी, अलंदूर और अड्यार समेत मध्य चेन्नई के कुछ हिस्से भी प्रभावित हुए। सभी 420 बस मार्ग भी आवाजाही के लिए खुले हैं। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने नगर निकाय को निर्देश दिया है कि वे तुरंत कार्रवाई करें।

बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर, 9 राज्यों में अलर्ट

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में लचल ने फिर देश के 9 राज्यों की टेंशन बढ़ा दी है। बंगाल की खाड़ी में नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की स्थिति है। दक्षिण-पश्चिम अरब सागर में सक्रिय निम्न दबाव क्षेत्र और 24 अक्टूबर से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला संभावित पश्चिमी विक्षोभ भी अहम है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , मध्य प्रदेश , गोवा और महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ बारिश संभावित है।

हमारे हाथों में हथकड़ियां नहीं बंधी हैं! चुनाव में खेला हुआ तो हम चुपचाप नहीं बैठेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आंध्र का मामलाः एसआईआर विवाद के बीच भड़का सुप्रीम

सीईसी ज्ञानेश कुमार और एसआईआर पर उपजे विवादों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया को अवैध या असंवैधानिक तरीकों से बाधित करने की कोशिशों पर कड़ा रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हालांकि संवैधानिक अदालतें आमतौर पर चुनाव प्रक्रिया में दखल नहीं देतीं, लेकिन जब यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करना जरूरी हो कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव असंवैधानिक या अवैध तरीकों से दूषित न हों, तो अदालतों के हाथ बंधे नहीं होते। यह टिप्पणी आंध्र प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी, वाईएसआरसीपी को अंतरिम राहत देते हुए की। पार्टी ने आरोप लगाया था कि हिंसा और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति के कारण उसके उम्मीदवारों को शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने से रोका गया। शुचिता की रक्षा होनी चाहिए।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शीतल पत्नी** धर्मा **निवासी**: गली नं0–2, मिलन विहार, लक्ष्मी आश्रम के पास, बुराड़ी, वज़ीराबाद, उत्तरी दिल्ली, ने **CR Case No. 16130/2023, पुलिस स्टेशन वजीराबाद, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शीतल** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शीतल** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CR Case No. 16130/2023, पुलिस स्टेशन वजीराबाद, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **शीतल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री आकाश मोहन सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–12, (सैंट्रल), कोर्ट नं0–264, द्वितीय तल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15118/N/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 (2) (ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **चतरपाल उर्फ बंटी, पुत्रः** रूपराम, **पताः** सी–1/112, कृष्ण विहार, बुध विहार, सुल्तानपुरी में **FIR No.: 94/23, U/s: 25 Arm Act., थानाः रानी बाग, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **चतरपाल उर्फ बंटी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **चतरपाल उर्फ बंटी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 94/23, U/s: 25 Arm Act., थानाः रानी बाग, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **चतरपाल उर्फ बंटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा जिंदल एल.डी.
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर–पश्चिम न्यायालय नं. 101, प्रथम तल, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/15075/OD/2026
(Court Matter)



निजी सुरक्षा कुंजियों में गड़बड़ी होने की दी जानकारी

ईमुद्रा के डिजिटल प्रमाणपत्र में गड़बड़ी गूगल व मोज़िला ने कुछ प्रमाणन रोके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय डिजिटल प्रमाणन कंपनी ईमुद्रा ने अपने कुछ डिजिटल प्रमाणपत्र से जुड़ी निजी सुरक्षा 'कुंजियों' में गड़बड़ी होने की जानकारी दी है। इन 'कुंजियों' का दुरुपयोग कर साइबर अपराधी असली वेबसाइट की नकल करने वाले फर्जी मंच बना सकते हैं और लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं। साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने एक परामर्श में यह जानकारी दी है।

ईमुद्रा कंपनियों और अन्य कारोबारी संस्थाओं को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र जारी करती है। इन प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कई तरह के ऑनलाइन लेनदेन में किया जाता है। इंटरनेट पर वेबसाइट और उपयोगकर्ताओं के बीच भेजी जाने वाली जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल प्रमाणपत्र और सुरक्षा कुंजियों का इस्तेमाल होता है।


कुंजियों का दुरुपयोग साइबर अपराधी कर सकते हैं

असली वेबसाइट की नकल कर फर्जी मंच बना सकते हैं

लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं

ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा

ईमुद्रा ने अपने बयान में कहा कि इस घटना का भारत में उसके डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) और ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा है। हालांकि, कंपनी के वैश्विक टीएलएस कारोबार का एक छोटा हिस्सा प्रभावित हुआ है। सीईआरटी-इन के अनुसार, ईमुद्रा ने बताया कि उसकी सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना में आठ मध्यवर्ती प्रमाणन प्राधिकरण प्रमाणपत्रों से जुड़ी निजी सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ गड़बड़ी हुई है।



कुंजी हासिल कर फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है

इनमें छह टीएलएस प्रमाणपत्र और दो सॉफ्टवेयर पर डिजिटल हस्ताक्षर करने के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रमाणपत्र शामिल हैं। निजी सुरक्षा कुंजी का इस्तेमाल डिजिटल प्रमाणपत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने में होता है। यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति ऐसी कुंजी हासिल कर ले, तो वह उसके जरिये फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है।

भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार : *इससे किसी असली वेबसाइट या भुगतान सेवा की नकल करना संभव हो सकता है। ऐसे में लोग यह समझकर फर्जी वेबसाइट पर भुगतान कर सकते हैं कि वे किसी वास्तविक कंपनी की वेबसाइट पर हैं। उसकी प्रणालियों की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ है, कोई डेटा चोरी नहीं हुआ है और कंपनी के भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार हैं।*

कंप्यूटर तंत्र में एक खामी है कारण

ईमुद्रा ने बताया कि उसके कंप्यूटर तंत्र में एक खामी के कारण मूल मजबूत सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ कमजोर कुंजियां भी बन गई थीं। एक शोधकर्ता ने एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और मोजिला को सूचित किया था कि कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से इन कमजोर कुंजियों का पता लगाया जा सकता है।

डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाण पत्र जारी हो सकता है

सीईआरटी-इन ने कहा कि इन निजी कुंजियों तक पहुंच रखने वाला हमलावर ऐसे डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाणपत्र जारी कर सकता है, जिन पर उसका नियंत्रण नहीं है। इन प्रमाणपत्र के जरिये असली वेबसाइट की नकल की जा सकती है और उनके माध्यम से भेजी जाने वाली जानकारी को बीच में रोकने या उसमें बदलाव करने की कोशिश की जा सकती है। इसे 'मैन-इन-द-मिडिल' हमला कहा जाता है।

महिंद्रा हॉलिडेज का लाभ बढ़कर 16.42 प्रतिशत

मुंबई। महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 16.42 प्रतिशत बढ़कर 19.71 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 16.93 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

पेज तीन का शेष

राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय ...

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का संकल्प अटूट था। आज की पीढ़ी को भी उसी दृढ़ता के साथ अपने संकल्पों को आगे बढ़ाना होगा, तभी भारत को विश्वगुरु बनाने का वह सपना साकार हो सकेगा, जिसे उनके पूर्वजों ने देखा था। नवीन ने कहा कि आज कई चर्चाएं उनके वरिष्ठों ने कीं, जिसमें बताया गया कि उन्होंने तीन के आंकड़े से शुरुआत की थी और तीन से लेकर तीसरी बार देश में अपनी सरकार बनाई है। लेकिन आज भी उन सबको उसी प्रकार के समर्पण की आवश्यकता है, आज भी उसी प्रकार के संघर्ष की आवश्यकता है और आज भी उसी प्रकार के संकल्प की आवश्यकता है। क्योंकि अगर उन्हें भविष्य का सुनहरा भारत बनाना है, तो उन्हें अपने समय में भी उसी संघर्ष के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा।

सीएम सैनी की अध्यक्षता में एसपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

जनस्वास्थ्य विभाग के 13 कार्यों के लिए 399.85 करोड़ रुपये मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनस्वास्थ्य विभाग के 419.34 करोड़ रुपये के 13 कार्यों को 399.85 करोड़ रुपये की लागत से करवाने की स्वीकृति प्रदान की है। इन कार्यों के लिए निर्धारित राशि में से 19.49 करोड़ रुपये की बचत होगी। इनमें पेयजल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने, जलघरों के टैंकों के तल आरसीसी से पक्के करने, सीवर लाइनों की मरम्मत और नई सीवर लाइन बिछाने सहित कई कार्य शामिल हैं। करनाल में 29.91 करोड़ रुपये की लागत से रेस्ट हाउस बनाया जाएगा, जबकि पंचकूला में 18.40 करोड़ रुपये से लोकायुक्त भवन का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में हाई पावर्ड परचेज कमेटी और हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जलघर, बूस्टिंग स्टेशन और



करनाल में 29.91 करोड़ से बनेगा रेस्ट हाउस, पंचकूला में लोकायुक्त भवन के निर्माण को भी स्वीकृति

पाइपलाइन बिछाने के कार्य किए जा रहे हैं। जलघरों और बूस्टिंग स्टेशनों के टैंकों के तल आरसीसी से पक्के किए जा रहे हैं, ताकि पानी का रिसाव रोका जा सके। अंबाला जिले के शहजादपुर में 48 करोड़ रुपये से सीवर लाइन बिछाने, तीन एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने और पेयजल लाइन सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। जगाधरी में 24 करोड़ रुपये से सीवर लाइन का पुनर्निर्माण और नई लाइन बिछाने का कार्य होगा। धनौरी में नहर आधारित जलघर के लिए कैनाल निर्माण और दो एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाने सहित अन्य कार्यों पर 42.50 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर 94.43 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को 48 पैसे मजबूत होकर छह सप्ताह के उच्च स्तर 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से जुड़े विदेशी मुद्रा प्रवाह और डॉलर की मांग को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से रुपये पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.78 प्रति डॉलर पर खुला।

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 143 अंक टूटा

मुंबई (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 78 अंक नीचे आया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और अमेरिकी बांड प्रतिफल में तेजी के बीच बिजली, बैंक तथा वित्तीय शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.21 अंक टूटकर 73,709.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और सेंसेक्स एक समय 829.29 अंक चढ़कर 74,682.19 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। तेज बढ़त के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जिससे सेंसेक्स 1,450 अंक से अधिक टूटकर दिन के निचले स्तर 73,229.45 अंक पर आ गया। हालांकि, कारोबार के अंतिम चरण में हुई कुछ लिवाली से नुकसान कम हुआ। निफ्टी 77.60 अंक की गिरावट के साथ 22,811.35 अंक पर बंद हुआ।

किंडर ने सेलेक्ट सिटीवॉक में इमर्सिव 'फेस्टिवहोम' के साथ जीवंत कीं दिवाली की परंपराएं

नई दिल्ली। मीठे पैकेज्ड प्रोडक्ट्स बनाने वाले दुनिया के प्रमुख निर्माताओं में से एक, फेरेरो समूह का ब्रांड किंडर, इस दिवाली को थोड़ा मजेदार बना रहा है। इसके लिए किंडर ने सेलेक्ट सिटीवॉक, दिल्ली में 'किंडर फेस्टिव होम' पेश किया है और साथ ही 'किंडर हैप्पीनेस टाइम्स' फेस्टिव गिफ्टिंग रेंज लॉन्च की है, जिसमें रॉकेट, अनार और लालटेन से प्रेरित पैक्स शामिल हैं। 10 से 24 अक्टूबर तक खुला यह इमर्सिव अनुभव परिवारों को रंगोली बनाने और तोरण तैयार करने से लेकर दीयों, लालटेन और मालाओं से सजावट करने जैसी त्योहारी परंपराओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। यह रचनात्मकता, खेल-कूद और साथ बिताए पलों के जरिए ब्रांड के त्योहारी विचार, "त्योहारों को बनाएं खास, किंडर के साथ" को साकार करता है। 'किंडर हैप्पीनेसटाइम्स' रेंजकिंडरजॉय, किंडर क्रीमी और किंडर शो को-बोन्स क्रिस्पी से युक्त तीन विशिष्ट पैक्स के साथ पारंपरिक त्योहारी गिफ्टिंग को एक नया रूप देती है। दिवाली के जाने-माने प्रतीकों से प्रेरित ये पैक्स किंडर के लोकप्रिय उत्पादों को त्योहार की भावना के साथ जोड़ते हैं। इसके साथ ही, बच्चों को दिवाली की परंपराओं को जानने और समझने के लिए प्रोत्साहित करने वाली दिलचस्प कहानियां, कंटेंट, प्रतियोगिताएं और ऑन-ग्राउंड गतिविधियां भी शामिल हैं।

Public Notice

ADVERTISEMENT GIVING NOTICE ABOUT REGISTRATION UNDER PART I OF CHAPTER XXI OF THE COMPANIES ACT, 2013

Notice is hereby given that **VASUDHARA ART VISTA LLP,** LLPIN **[ACQ - 7110],** having its registered office at **[A-51, Parvana Apartment, Mayur Vihar Phase-1, East Delhi-110091],** intends to register itself as a company under Section 366 of the Companies Act, 2013 and the Companies (Authorised to Register) Rules, 2014.

The proposed company is intended to be registered as a Private Limited Company under the proposed name:

VASUDHARA ART VISTA PRIVATE LIMITED

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed registration may raise his/her objection, if any, to the Registrar of Companies within the prescribed period from the date of publication of this notice, stating the grounds of objection and supporting documents, if any.

Objections, if any, may be addressed to:

The Registrar of Companies
[4th Floor, IFCI Tower, 61, Nehru Place, New Delhi-110019]
For and on behalf of
VASUDHARA ART VISTA LLP

Date: 16/10/2026
Place: Delhi
Paramjeet Bhattacharya
Designated Partner

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान	दिल्ली मंडल के 22 स्टेशनों के लिए मेधा मेक ईआई का 3 वर्षों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।		
कार्य की अनुमानित लागत	₹6,16,90,015.8/-	धरोहर राशि	₹12,33,800.00/-
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंत-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055		
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय।	निविदा प्रपत्र अप्लोड करने का समय 21.10.2026/ निविदा खुलने का दिनांक 12.11.2026 15:00 बजे तक		
वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।	उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055		

निविदा सूचना: 558-Sig-16-M-T-AMC-102 दिनांक: 21.10.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3660/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc/84BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अब्दुल रफीक पुत्र शेख सज्जाह निवासी झुग्गी एन–30 डी–96 एच–4 ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 240/18 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अब्दुल रफीक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अब्दुल रफीक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 240/18 U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना जहांगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अब्दुल रफीक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
उत्तर, न्यायालय संख्या 6, भूतल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/14810/NW/2026(Court Matter)

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है
तांत्रिक मास्टर किंग का एलान
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान



प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

रुपये में मजबूती, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से सोना-चांदी में गिरावट

सोना 1,300 रुपये और चांदी 1,600 रुपये फिसली

नई दिल्ली (भाषा)। रुपये में मजबूती, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये टूटकर 1,49,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,50,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, लगातार दो सत्र तक स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। चांदी 1,600 रुपये फिसलकर 2,13,400 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। सोमवार को इसका भाव 2,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "बुधवार को सोने में कमजोरी रही, क्योंकि रुपये में मजबूती से घरेलू कीमतों पर दबाव बना रहा।" उन्होंने कहा कि रुपये में मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बढ़ने की आशंकाओं के कारण बाजार का समग्र रुख कमजोर बना हुआ है।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1	**कार्य का नाम :** DEN/Track/DLI के अधीन दिल्ली मंडल में RDSO द्वारा अनुमोदित तकनीक का उपयोग करते हुए कप्ड AT वेल्डेड रेल जोड़ों का पुनः कंडीशनिंग कार्य। (निविदा आमंत्रण सूचना - 16-26-27- डब्ल्यू-सी)
2	**अनुमानित लागत :** रु. 1,30,86,480.00/-
3	**धरोहर राशि :** रु. 2,61,700.00/-
4	**ई-निविदा भरने का दिनांक और समय & ई-निविदा खुलने का दिनांक और समय :** ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनाँक 30.10.2026 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई–निविदा खुलने का दिनांक 13.11.2026 को 15:00 बजे तक।
5	**निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

सं.: 128-ड्ब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं/निविदा आमंत्रण सूचना-16-26-27-ड्ब्ल्युसी दिनांक: 21.10.2026 3665/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना
(ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर–ट्रैक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1	कार्य का नाम	DEN/Track/DLI के अधीन दिल्ली मंडल में स्विचों/टंग रेलों तथा SEJ (स्विच एक्सपेंशन जॉइंट) का पुनः कंडीशनिंग कार्य। (निविदा आमंत्रण सूचना–17–26–27– डब्ल्यू–सी)
2	अनुमानित लागत	Rs. 1,87,19,390.00/-
3	धरोहर राशि	Rs. 3,74,400.00/-
4	ई–निविदा भरने का दिनांक और समय– ई निविदा खुलने का दिनांक और समय	ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनाँक 30.10.2026 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय – ई–निविदा खुलने का दिनांक 13.11.2026 को 15:00 बजे तक।
5	निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

पत्र संख्या 128–ड्ब्ल्यु/वं.मं.अधि./सं/निविदा आमंत्रण सूचना–17–26–27– ड्ब्ल्युसी दिनांकः– 21.10.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3666/26

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकाश पुत्र चौटर पाल निवासी मकान नंबर 334, खजूर वाली गली, अंबेडकर बस्ती, घोंडा, दिल्ली** ने **FIR No. CT No.1203/17 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. CT No.1203/17 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री किरणदीप कौर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नंबर 05, द्वितीय तल, उत्तर–पूर्व जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/14714/NE/2026(Court Matter)

राशिफल

मेष — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


मकर — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।


मीन — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

वीआईटी द्वारा वीआईटीईईई 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए

वेल्लोर। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने वीआईटीईईई 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित कर दिए हैं, जिससे इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक छात्रों को अपने सपनों के कैरियर की ओर अगला कदम बढ़ाने का मौका मिल रहा है। ज्ञातव्य है कि छात्र अब वीआईटी के प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए वीआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ये कार्यक्रम वेल्लोर, चेन्नई, अमरावती (आंध्र प्रदेश) और भोपाल (मध्य प्रदेश) स्थित परिसरों में उपलब्ध हैं। वीआईटीईईई 2027 का आयोजन एक ही चरण में 28 अप्रैल से 2 मई, 2027 तक किया जाएगा। यह परीक्षा भारत के 133 शहरों और 9 अंतरराष्ट्रीय केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिससे भारत और विदेश दोनों के उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा।



शब्द पहेली - 6385



बाएँ से दाए-


1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे

1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6384 का हल

	स	ला	म	त		म	हा	व	र	
का	म		ही	र		म	सि		थ	ल
फी		शा	न		वं		ल	ब		क्ष्य
		य		म	हा	न		र		
	फ	र	मा	न		र	स	खा	न	
का	की		ल				न		र	ति
	र	नि	वा	स		ह	म	द	म	
		य		र	ज	क		स्त		
जा		म	जा		हां		श	क		का
न	शा		य	म		पा	प		सा	या
	म	हा	का	ल		ल	थ	प	थ	



एशियन पैरा गेम्स : एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 50 से अधिक मेडल

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन पैरा गेम्स में बुधवार को भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के कुल पदकों की संख्या को 50 के पार पहुंचा दिया है। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में भारतीय धावकों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल करते हुए देश की झोली में गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक डाले। भारत के दिलीप गावित ने 10.69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिंगानकथ 10.72 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया।

100 मीटर टी47 में दिलीप गावित ने जीता गोल्ड

पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत ने एक और यादगार प्रदर्शन किया। दिलीप गावित (टी46 वर्ग) ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, जबकि मोहम्मद बेसिल मोर्सिंगनाकाथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप गावित (टी46 कैटेगरी) ने 10.69 सेकंड के शानदार समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, बेसिल (टी47 कैटेगरी) ने 10.72 सेकंड का समय निकालकर सिल्वर मेडल जीता और इस स्पर्धा में एक नया 'गेम्स रिकॉर्ड' भी बनाया। इससे पहले, दिलीप गावित एशियन पैरा गेम्स 2022 में मेंस 400 मीटर टी47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था, जो इन खेलों में भारत का ऐतिहासिक 100वां मेडल था। उन्होंने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स में भी पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश को गौरवान्वित किया।



ऊंची कूद : प्रवीण कुमार ने जीता गोल्ड

प्रवीण कुमार ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। टी64 और टी44 वर्ग के एथलीट अक्सर संयुक्त स्पर्धा में एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि विश्व पैरा एथलेटिक्स पर्याप्त प्रतियोगियों और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए निचले अंगों के वर्गों को एक समूह में रखता है। टी64 उन एथलीटों के लिए है, जो कृत्रिम निचले अंगों का उपयोग करते हैं, जबकि टी44 उन एथलीटों के लिए है, जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं लेकिन वह कृत्रिम अंगों का उपयोग नहीं करते हैं।

शॉट पुट एफ53 : आयुष वर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

आयुष वर्मा ने बुधवार को पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। ईरान के अलीरेजा हेमामी 8.09 मीटर के साथ दूसरे, जबकि कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कालियेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आयुष ने इससे पहले मंगलवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ53/एफ54 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। एफ53 उन एथलीटों के लिए है जिनकी धड़ और पैरों की गति अत्यधिक जबकि हाथों की पकड़ कम प्रभावित होती है। वे बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी छाती, ऊपरी पीठ और कंधों का उपयोग करके ताकत लगाते हैं।



सिमरन ने 100 मीटर दौड़ में लहराया तिरंगा

भारतीय पैरा स्प्रिंटर सिमरन शर्मा ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 वर्ग की फाइनल रेस में 12.02 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसी के साथ हीट्स में बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। इससे पहले, मंगलवार को सिमरन ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 कैटेगरी में 24.80 सेकंड का समय निकालकर गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) से समर्थित सिमरन ने 12.13 सेकंड के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2022 में इसी स्पर्धा में 12.68 सेकंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.66 सेकंड का सुधार करते हुए इसे गोल्ड में बदल दिया।

सिंधू उलटफेर से बाल बाल बची फ्रेंच ओपन के अगले दौर में



पेरिस (भाषा)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार होने से बाल बाल बची और दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी थाइलैंड की सुपनिदा केतेथोंग को हराकर अगले दौर में पहुंच गई। पूर्व विश्व चैम्पियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही सिंधू ने एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में 21.14, 8.21, 23 . 21 से जीत दर्ज की। एक अन्य महिला एकल मैच में उन्नति हुड्डा जापान की रिको गुंजी से 18. 21, 12.12, 17. 21 से हारकर बाहर हो गई। आयुष शेट्टी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए किदांबी श्रीकांत को एक घंटे से कम समय में 19-21, 21-16, 21-12 से हराकर पुरुष एकल के अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने जापान के विश्व नंबर नौ कोडाई नाराओका को शुरुआती दौर में वॉकओवर दे दिया।

भारत ने 2022 में खेला था न्यूजीलैंड में टी20 मैच

सिर्फ 2 दिन के अभ्यास के साथ न्यूजीलैंड दौरे का आगाज आज से

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

पिछली दो टी20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था।

भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ 4 बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी20 खेल चुके हैं, जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है।



अय्यर के सामने कड़ी चुनौती

अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है।

पंड्या-बुमराह टीम से बाहर

भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे।
सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी।

टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल? शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार , वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।
न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन , जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।
मैच का समय : दोपहर 12 . 30 से ।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे म्हारे सात पहलवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय कुश्ती संघ ने आगामी सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय फ्री कुश्ती टीम का ऐलान कर दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 प्रतिभाशाली पहलवानों का चयन किया गया है। इसमें 57 किलोग्राम में झज्जर के राहुल देशवाल, 61 किलोग्राम में दिल्ली के निखिल, 65 किलोग्राम में चरखी दादरी के सुजीत कलकल, 70 किलोग्राम में हिसार के विशाल कालीरमन, 74 किलोग्राम में पानीपत के सागर जागलान, 79 किलोग्राम में उत्तर प्रदेश के सौरभ यादव, 86 किलोग्राम में झज्जर के पुष्पेंद्र, 92 किलोग्राम में रोहतक के सचिन, 97 किलोग्राम में रोहतक के विक्की हुड्डा और 125 किलोग्राम में पंजाब के जसपूरन सिंह का चयन हुआ है। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

रणजी ट्रॉफी : मुंबई ने हिमाचल को पारी के अंतर से हराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी में बुधवार को चार बड़े मुकाबलों के नतीजे निकले। मुंबई ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिमाचल प्रदेश को हराया। वहीं, केरल और पंजाब ने भी बड़ी जीत दर्ज की। रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप डी में मुंबई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 97 रनों से हराया। पहली पारी में हिमाचल की पूरी टीम सिर्फ 140 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इसके जवाब में मुंबई ने सरफराज खान की 154 रनों की लाजवाब पारी के बूते 8 विकेट खोकर 528 रन बनाने के बाद अपनी पारी को घोषित किया। दूसरी पारी में भी हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम 291 रन बनाकर ऑलआउट हुई। वहीं, रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप बी में पंजाब ने छत्तीसगढ़ को 7 विकेट से शिकस्त दी।



केरल बनाम ओडिशा

केरल ने ओडिशा को एक पारी में 36 रनों से रौंदा। केरल ने पहली पारी में 404 रन बनाए, जिसके जवाब में ओडिशा की पूरी टीम 225 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ओडिशा को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और टीम दूसरी पारी में 143 रन बनाकर सिमटी। जीत के नायक मोहम्मद ने 139 रनों की पारी खेली।

हैदराबाद बनाम आंध्र

हैदराबाद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आंध्र को 267 रनों से हराया। पहली पारी में हैदराबाद में 275 रन बनाए, जिसके जवाब में आंध्र की पूरी टीम 184 रन बनाकर सिमटी। दूसरी इनिंग में 7 विकेट खोकर 306 रन बनाने के बाद हैदराबाद ने अपनी पारी को घोषित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र की पूरी टीम महज 130 रन बनाकर ढेर हो गई।

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का शेड्यूल घोषित, 21 जनवरी से आगाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत 22 जनवरी को काठमांडू में वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम घोषित किया, जो 21 जनवरी से 6 फरवरी तक बांग्लादेश और नेपाल में खेला जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रतियोगिता के मैच चट्टोग्राम, सिलहट और काठमांडू में खेले जाएंगे। दो बार के चैंपियन भारत को सह-मेजबान नेपाल, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश और यूएई 21 जनवरी को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगा भारत



खेलेंगे, जबकि इसी दिन सिलहट में ऑस्ट्रेलिया का सामना नाइजीरिया से होगा। ग्रुप चरण के मैच 26 जनवरी तक खेले जाएंगे। इसके बाद सुपर सिक्स शुरू होगा। दोनों सेमीफाइनल चार फरवरी को चट्टोग्राम में खेले जाएंगे। फाइनल भी छह फरवरी को चट्टोग्राम में ही होगा।

आईसीसी रैंकिंग
राशिद की बादशाहत बरकरार, टॉप 10 में शाई होप की एंट्री

दुबई (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के खिलाफ ट्राई सीरीज के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में अपनी नंबर एक की पोजीशन को और मजबूत कर लिया है। साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ताजा वनडे बॉलिंग रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के बल्लेबाज सेदिकुल्ला अटल को भी ताजा रैंकिंग अपडेट से बड़ा फायदा मिला है। जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के बाद वह वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें से 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप टॉप 10 में आ गए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड छह स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गए हैं।



सिलिकॉन वैली ओपन दूसरे दौर में अनाहत

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेली जा रही सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने पहले मैच में मिस्र की नूर अबुलमकारिम को 11-8, 11-8, 12-10 से हराया। जापान में हाल ही में हुए एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने 143,500 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता का पहला मैच केवल 31 मिनट में जीता। विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत का अगला मुकाबला मिस्र की विश्व में नंबर तीन और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त नूर एलशेरबिनी से होगा।

कल से राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप

अहमदाबाद। अहमदाबाद 23 से 31 अक्टूबर तक पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। 9 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में 13 देश हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) की स्वीकृति से भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) की ओर से आयोजित इस चैंपियनशिप में 23 टीम और 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान 62 मुकाबले होंगे। भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी सुरजीत सिंह करेंगे जबकि महिला टीम की कमान निधि शर्मा संभालेंगी।

उत्तर रेलवे
कोटेशन आमंत्रण की सूचना (NIQ)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, आनंद विहार टर्मिनल पर बहिर्गामी पार्सलों (यानी लीज पर बुक किए गए और रेलवे द्वारा बुक किए गए पार्सलों) की स्कैनिंग हेतु 04 पार्सल स्कैनर मशीनों की आपूर्ति, इंस्टॉलेशन, रखरखाव और स्कैनिंग के लिए कोटेशन आमंत्रित करते है।
कार्य की अवधि: दिनांक: 07.11.2026 के 00:00 बजे से तीन माह तक के लिए।
अधिक जानकारी और अन्य जानकारी के लिए कृपया उत्तर रेलवे की वेबसाइट देखें:
www.nr.indianrailway.gov.in या 9717631962 से संपर्क करें।
NIQ जमा करने की अंतिम तिथि: 28.10.2026 को 12:00 बजे तक।
No.C9-Parcel-Quotation-Parcel Scanner ANVT-2026 Date: 21.10.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3664/2026

चैंपियंस लीग : यामल की चमक फीकी, तालिका में टॉप पर पहुंची पीएसजी

पीएसजी ने रोका बार्सिलोना का विजयी अभियान

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लामिन यामल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद बार्सिलोना को 4-2 से हराकर उसका 11 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

इस मैच का रोमांचक अंत हुआ, जिसमें आखिरी 20 मिनट में चार गोल किए गए। इससे पीएसजी लिवरपूल के साथ उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गई है, जिन्होंने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं।



रुइज के गोल से जीती पीएसजी

यामल ने खूबसूरत गोल करके करके बार्सिलोना को पीएसजी के खिलाफ 2-2 से बराबरी दिला दी थी। पीएसजी ने हालांकि विटिन्हा के गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। उसकी तरफ से फैबियन रुइज ने चौथा गोल करके जीत सुनिश्चित की। पीएसजी के लिए डौए और लुकास हर्नांडिज ने भी गोल किए। बार्सिलोना के लिए जावी एस्पार्ट ने भी गोल किया। मैनचेस्टर सिटी ने पीएसजी से मिली हार से उबरते हुए ईएफके एथेंस के खिलाफ 5-1 से शानदार जीत दर्ज की। एटलेटिको मैड्रिड ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए स्टटगार्ट के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
:: निविदा सूचना ::
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू (लाख में)
1	2	3
197/201585	B.T. Patch Repair Work of M.D.R. & Village Road of Arang Section No.-02 Section Under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (1) Samoda Tulsi Sakri Chorbhatti Road (2) Tulsi Rasota Amodi Road (3) Bhaisa Bhandar Telasi Sirpur Road (4) Kodapar Pirda Korasi Road (5) Gullu Samoda Chikhali Road (6) Semariya Parsada Kusumund Road (7) Amsena Kutela (8) Sakri Paraswani (9) Gullu Akoli (10) Bana Guma Paraskol (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 100.00 लाख
201/201587	B.T. Patch Repair Work on Torla-Bhotidih-Tila Champaran Road, Gaurbhath-Bhalera-Tamasivani-Ganaud-Tandul Road, Charoda-Khapri-Tamasivani, Bhurka-Pond Road, Birbira-Ugetara-Ghorbhatti Road, Torla-Bhurka-Kumhari Road, Jhaki-Mudpar-Pacheda Road, Kathiya-Tarra-Navagaon-Ugetara Roadbhothidih-Champaran Road and Other Various Roads Under Sub Division No. 3 For The Year 2026-27 (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 127.00 लाख
196/201727	B.T. Patch Work for Various City Roads Under Sub Division No. 02, Raipur 1) Bhanpuri Approach Road 2) Urkura Main BT Road 3) Bhanpuri To Church Gate 4) Urkura Main Road To Shanidev Temple 5) Daldalseoni Shivajinagar Road & Others Road (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 26.48 लाख
230/200643	Construction of Govt. High School Building Of Puraina, Raipur, C.G. (As Per Revised Approved Drawing) (प्रथम आमंत्रण)	रू. 57.44 लाख

एन.आई.टी. क्र.197 सिस्टम टेन्डर नं. 201585, एन.आई.टी. क्र. 201 सिस्टम टेन्डर नं. 201587 एवं एन.आई.टी. क्र.196 सिस्टम टेन्डर नं. 201727 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 29.10.2026 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 230 सिस्टम टेन्डर नं. 200643 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 02.11.2026 समय सायं 5:30 बजे तक, उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।
G -262704107/3 अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)



खबर संक्षेप

12.5 अरब साल पुरानी सुपरनोवा ब्रह्मांड में मिली

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी सुपरनोवा खोजी है जो तकरीबन 12.5 अरब साल पुरानी है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजी गई यह सुपरनोवा को अब तक देखी गई सबसे दूर की सुपरनोवा माना जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे ब्रह्मांड में तारों के जन्म और उनकी मृत्यु को समझने में मदद मिल सकती है।



पाक में सड़क हादसा, 11 की मौत, 30 घायल

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में महिलाओं और बच्चों की भी जान गई है।



महिला सांसद ने गंवाए दोनों पैर, हालत गंभीर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की निर्दलीय सांसद हेलेन हेन्स की एक कार से टक्कर मारकर किए गए हमले के बाद दोनों टांगें काटनी पड़ी हैं। कार से बार-बार टक्कर मारने के बाद उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उनके पति ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस घटना को राजनीतिक हिंसा से जोड़कर देखा जा रहा है।

फ्रांस में लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

पेरिस। फ्रांस के पूर्वी हिस्से में एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। फ्रांसीसी सशस्त्र बलों के अनुसार, मिराज 2000डी लड़ाकू विमान मंगलवार देर शाम एक मिशन से लौटते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना का एक लड़ाकू पायलट और एक हथियार प्रणाली अधिकारी सवार थे। एक व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया है।

बोले, हमले के वक्त ताजमहल होटल के सुरक्षा प्रमुख सुनील कुडियादी ने सबसे पहले किया था सभी को अलर्ट

26/11 हमले के प्रत्यक्षदर्शी की मदद से जयशंकर ने रुबियो के सामने खोली पाकिस्तान की पोल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने अपनी कूटनीतिक परिपक्वता का परिचय देते हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का कच्चा-चिट्ठा खोलकर रख दिया है। बीते मंगलवार मौका था मुंबई में ताजमहल होटल में 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के समर्थन से भारत पर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने का। जिसके तुरंत बाद भारत के विदेश मंत्री ने होटल के सुरक्षा-संरक्षा विभाग के एसोसिएट वाइस प्रेजिडेंट सुनील कुडियादी से अमेरिकी विदेश मंत्री का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि ये सुनील ही थे। जो उस हमले के दौरान होटल के सुरक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे और इन्होंने ही सबसे पहले सुरक्षा का अलर्ट भेजा था।

सुनील ने सुनाई आपबीती

सुनील ने मार्को रुबियो की इस खौफनाक आतंकी हमले की पूरी आपबीती सुनाई। जिसमें उन्होंने खासतौर उन तीन दिनों यानी लगभग 60 घंटे तक चले आतंकियों के हमले के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रुबियो ने सुनील से पूछा कि उस दिन आतंकी कैसे होटल में दाखिल हुए थे? जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने रात के वक्त को चुना और रसोई का इस्तेमाल करते हुए होटल के छठे माले पर पहुंच गए थे। हमले में होटल के 31 कर्मचारियों, प्रशिक्षण लेते कर्मियों की मौत हो गई थी। करीब तीन दिन तक यह हमला चला जिसमें हथियारबंद आतंकवादी होटल में घूमते रहे और उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग के जरिए कई लोगों को अपना निशाना बनाया।

आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति

जयशंकर ने हालांकि बाद में अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के जश्न के दौरान अपने भाषण में भारत की आतंकवाद के खिलाफ वर्तमान में बनी हुई शून्य सहिष्णुता की नीति को मजबूती के साथ अमेरिका के विदेश मंत्री के समक्ष दोहराया है। इसके अलावा उन्होंने इस हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण का भी स्वागत किया।

यहां बता दें कि अगले महीने 26 नवंबर को इस हमले को 18 साल पूरे हो जाएंगे। जिससे ठीक पहले अमेरिका के विदेश मंत्री के समक्ष उक्त प्रत्यक्षदर्शी की मदद से पूरी घटना को स्पष्ट करना डॉ. जयशंकर के एक शानदार कूटनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस आतंकी हमले में अमेरिका के 6 नागरिकों समेत कुल करीब 166 लोग मारे गए थे।

यूएन में भारत ने उठाया सुरक्षा का मुद्दा

अंतरिक्ष सभी का, टकराव की जगह सहयोग का क्षेत्र हो, कानून की मांग



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि बाहरी अंतरिक्ष को टकराव की जगह सहयोग का क्षेत्र होना चाहिए। साथ ही, भारत ने अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के लिए एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता करने की मांग की है। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली समिति में बाहरी अंतरिक्ष पर भारत का पक्ष रखते हुए, सांसद सुधा मूर्ति ने कहा कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक प्रमुख देश है। हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम के विकास और सुरक्षा, दोनों पहलू हैं। भारत का मानना है कि बाहरी अंतरिक्ष हम सभी का है। हम एक पृथ्वी, एक परिवार हैं और हमारा भविष्य भी एक है। हमारा मानना है कि बाहरी अंतरिक्ष को टकराव के बजाय सहयोग का क्षेत्र बने रहना चाहिए। मूर्ति ने कहा कि दोहरे उपयोग वाली अंतरिक्ष तकनीकें और संपत्तियां अब एक वास्तविकता बन गई हैं। हथियारों की होड़ को रोकने के लिए एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते की अपनी मांग दोहराई।

खरीद पर आएगी कुल 770 करोड़ रुपए की लागत

सेना को मिलेंगे ट्रिपल-एल रडार, रक्षा मंत्रालय ने बीईएल संग किया समझौता



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय सेना के लिए उन्नत कम ऊंचाई वाले हल्के वजन के रडार (ट्रिपल-एलआर-1) की खरीद के लिए मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ कुल करीब 770 करोड़ रुपए के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह रडार प्रणाली लड़ाकू विमान के आकार वाले लक्ष्यों के साथ-साथ छोटे तथा सूक्ष्म ड्रोन का पता लगाने और उनकी निगरानी करने में पूरी तरह से निपुण है।

इतना ही नहीं ये हवाई लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की अतिरिक्त क्षमता से भी लैस है। इसलिए इस प्रणाली की खरीद से सेना को मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) से उत्पन्न होने वाले खतरों से दो-दो हाथ करने में मदद मिलेगी। बताते चलें कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन के मद्देनजर की जा रही यह खरीद स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी।

जिससे एमएसएमई के अलावा घरेलू रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। जबकि एक सुदृढ़, आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी रक्षा उद्योग का भी निर्माण हो सकेगा।

कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सलवाद पर गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान

दशकों से आंतरिक सुरक्षा के 3 हॉटस्पॉट वर्तमान में शांति और विकास की राह पर

कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगाई जा चुकी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या हमारी आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रही है, अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल रही है और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की कि वे 'नशा-मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 'फाइट अगेन्स्ट ड्रग्स' के संदेश पर आयोजित एक देशव्यापी मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में देश ने कई चुनौतियों का सामना किया है। इनमें तीन ऐसी बड़ी समस्याएं शामिल थीं, जिन्हें हमने दशकों तक झेला और जो हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील इलाके माने जाते थेः कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित पूरा क्षेत्र।

- पांच दशकों से फैली नक्सल समस्या को लगभग खत्म किया

आज, ये तीनों इलाके शांत हैं। यहां विकास के लिए अनुकूल माहौल बना है और ये क्षेत्र अब विकास के मामले में देश के बाकी हिस्सों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगाई जा चुकी है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

2029 तक नशा-मुक्त भारत का लक्ष्य

अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अगले साढ़े तीन वर्षों- 2026 के बचे समय सहित 2027, 2028 और 2029 में नशीले पदार्थों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने का फैसला किया है। लक्ष्य है 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशा-मुक्त बनाना। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक बहुत महत्वपूर्ण लक्ष्य है, जो तीन हॉटस्पॉट से निपटने से भी कहीं अधिक अहम है। नशीले पदार्थों की समस्या हमारी आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रही है, अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल रही है और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की कि वे 'नशा-मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करें और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा तय किए गए रोडमैप का पालन करें।

सीएपीएफ जवानों का आभार जताया

अमित शाह ने सीमाओं और देश भर में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जवानों का विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि मैं सीमाओं पर तैनात और देश के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सभी सीएपीएफ जवानों को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। वे अपने घरों से दूर रहकर हर मौके पर सतर्क रहते हैं-चाहे चुनाव हो, कोई त्योहार हो, विरोध-प्रदर्शन हो या फिर सीमा सुरक्षा का मामला हो। वे देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करते हैं। शाह ने जोर दिया कि लोकतंत्र की रक्षा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने में सीएपीएफ की भूमिका अपरिहार्य है।

आज पूरा देश चुनावी हिंसा से मुक्त हो गया

अमित शाह ने कहा कि देश के लोकतंत्र की रक्षा हो या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुचारु रूप से संचालित करना, हम केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बिना इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि यूपी और बिहार से तो चुनावी हिंसा को समाप्त करने में देश सफल रहा था, परंतु बंगाल में चुनावी हिंसा लंबे समय से चलती रही। बंगाल विधानसभा के हाल में संपन्न चुनाव में एक भी व्यक्ति की मृत्यु के बिना चुनाव पूरा कराने में हमारे सुरक्षा जवानों को बड़ी सफलता मिली और ऐसा करके केंद्रीय सुरक्षा बलों ने एक नया मानक स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश मानता है कि देश चुनावी हिंसा से मुक्त हो गया है।

पीएम मोदी ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



पीएम नरेंद्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस पर उन बहादुर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि पुलिस स्मृति दिवस हमारे पुलिस कर्मियों के प्रति गहरा आभार व्यक्त करने का अवसर है, जो अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने से लेकर अपराधों से लड़ने, आपातकालीन स्थितियों में मदद करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तक, उनका योगदान अमूल्य है। हम उन बहादुर पुलिस कर्मियों को सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका साहस, अटूट समर्पण और सर्वोच्च बलिदान हमारे देश की स्मृतियों में सदैव अंकित रहेगा।

आज पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे पोलैंड के पीएम



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। वे 23 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि उनके साथ पोलैंड के वित्त मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की तथा व्यापार जगत के प्रतिनिधि भी आए हैं। पोलैंड के पीएम गुरुवार को हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत और पोलैंड के संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान होगा और प्रेस वक्तव्य जारी किए जाएंगे। पीएम टस्क विदेश मंत्री जयशंकर से भी मिलेंगे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109